राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 302 | रांची, शनिवार, 04 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



## आज का दिन


इसी तारीख को 1905 में देश की पहली महिला जज का जन्म हुआ था। केरल के त्रिवेंद्रम में जन्मीं अन्ना चांडी ने 1926 में त्रिवेंद्रम के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री ली। कानून की डिग्री लेने वाली वे केरल की पहली महिला थीं। 1929 से उन्होंने वकालत शुरू की। 1930 में 'श्रीमती' नाम से एक पत्रिका शुरू की, जिसमें महिलाओं की आजादी, विधवा विवाह और महिलाओं से जुड़े तमाम मुद्दों पर लिखने लगीं।




# नरेन्द्र मोदी ने दी गारंटी, 'उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ नहीं लगा सकता'

### चाईबासा में मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि घुसपैठियों के चलते आदिवासियों की संख्या घट रही है

संजीव कुमार सिंह





**रांची/चाईबासा ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता।

मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा।

**कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही:** मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी।

**घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि घुसपैठियों की संख्या बढ़ेगी तो झारखंड के आदिवासियों की हक भी उन्हें दे दिया जाएगा।


मोदी ने झारखंड की धरती से कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है। क्या हम बाबा साहेब द्वारा मिले अधिकार को छीनने देंगे। मोदी आपके लिए लड़ने और मरने को भी तैयार है।

**झारखंड की भूमि से आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की:** प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की धरती से मुद्रा योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं, झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। अब 13 मई को जनता का वोट झारखंड के विकास और सुरक्षा की गारंटी बनने वाला है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया।

मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकताओं का जमावड़ा रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी।

## क्विक न्यूज

### कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी।

कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है।

झारखण्ड सरकार

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### -:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि० दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
| --- | --- |
| ➢ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➢ कलगी फूल जाना।<br>➢ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➢ नाक से पानी आना।<br>➢ पतला दस्त होना।<br>➢ सांस लेने में तकलीफ होना।<br>➢ चलने में लड़खड़ाना | ➢ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➢ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➢ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➢ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराएं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR NO. 324397 (Agriculture Animal Husbandry and Co-operative Department) 23-24 D

झारखण्ड सरकार

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :–

**क्या करें –**

- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–

**क्या करें :–**

- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–

- **दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।**

PR NO. 324396 (Agriculture Animal Husbandry and Co-operative Department) 23-24 D

# बाल विवाह को रोकने में विफलता पर पंचायत व पंचों को ठहराया जाएगा जवाबदेह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गोला।** प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद रामगढ में भी इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि जिले में इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। जिले में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन अग्रगति ने राज्य सरकार से अपील किया है कि इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित किया जाय कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। जिसपर कोर्ट ने सुनवाई की। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है।जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैरसरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा, ÷सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में




कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है।

याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके है।लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है। जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक है। राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। 120 गैरसरकारी संगठन जुडे है इस अभियान में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है। जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए है। पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुर्व्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य–दत्त

अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने कहा, राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है।

## सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा, बनाई गई आगे की रणनीति

**भुरकुंडा (रामगढ)।**सौंदा बस्ती में शुक्रवार को सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दयानंद प्रसाद एवं संचालन अंबर कुमार ने किया। बैठक में आगे की रणनीति बनाई गई। जिसमें निर्णय लिया गया की आरए माइनिंग और पीएसएमई दोनो आउटसोर्सिंग कंपनी में सौंदा बस्ती सरैया टोला के बेरोजगार ग्रामीणों को शत प्रतिशत रोजगार दिलाने को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा। साथ ही जिस नरेश प्रसाद नाम के व्यक्ति को चोर दरवा? से नौकरी आरए माइनिंग में लगवाई गई थी। उसे तत्काल हटाया जायेगा। कहा गया कि महिला समूह को रोड सेल में प्राथमिकता दी जाएगी। पॉवर हाउस के कोयले की ढुलाई एवं लोडिंग के लिए लोडर दोनो स्थानीय लोगों की उपयोग किया जायेगा। साथ ही पिछले समिति



के जो पदाधिकारियों से 3 डी.ओ में जो कोयले का उठाव हुआ उसका लेखा-जोखा ग्रामीणों के बीच जल्द प्रस्तुत किया जाएगा। बताया गया कि पुर्नगठित समिति की सूची परियोजना पदाधिकारी को सौंपी गई है। बैठक में कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद, संरक्षक बासुदेव साहू, सुजीत कुमार उर्फ डब्लू, नरेंद्र प्रसाद, हरिहर प्रसाद, गुलशन कुमार, संदीप कुमार, तिलेश्वर साहू, सुमित कुमार, संजय कुमार, राजीव प्रसाद, सूरज कुमार, संजय गिरी, अंजीर मुंडा, सूरज कुमार, शशिकांत गुप्ता, हरिनारायण प्रसाद, रमेश मुंडा उर्फ भगत, अंजू प्रजापति, मंजू देवी, अंजू बाउरी, संजू देवी, रेखा देवी, सुषमा देवी, प्रमिला देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी, गायत्री देवी, शशिकांत गुप्ता, मुकुल प्रसाद, अनूप साहू, नितेश प्रसाद, श्रीकांत प्रसाद, पवन बाउरी, धर्मवीर भुंइया, बंधु करमाली, निरंजन कुमार, चितरंजन कुमार, अभिषेक कुमार, मुकेश करमाली, नंदू गिरी, राजकुमार, बादल बाउरी, राजू, मानिक, विशाल, कृष्ण, उपेंद्र आदि मौजूद थें।

## कांग्रेस पार्टी डाडी प्रखंड भाग 1-2 कार्यकर्ताओ की बैठक की गई आयोजित

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड भाग एक व दो के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक रेलीगढा बैंक ले समीप आयोजत की गई। जिसकी अध्यक्षता डाडी प्रखंड भाग दो के मंडल अध्यक्ष राजकिशोर महतो एवं भाग एक के मंडल अध्यक्ष रकीब अंसारी द्वारा संचालन किया गया।बैठक में दोनों अध्यक्षों राजकिशोर महतो एवं रकीब अंसारी द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पार्टी की मजबूती को लेकर ईमानदारी से काम किया जा रहा है। पार्टी के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल कों भारी मतों से विजयी बनाने के लिए बूथ स्तर पर जाकर काम किया जा रहा है।वहीं कुछ ठीकेदार किस्म के लोग भोडके लोगों के साथ मिलकर प्रखंड अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी कों ही हाईजैक कर लिया गया है।उनके द्वारा कार्यकर्ताओं कों भेंड बकरी की तरह इस्तेमाल किया जा



रहा है।यहाँ तक कि मंडल अध्यक्षों कों पूछा तक नहीं जा रहा है।पुराने एवं वरिष्ठतम नेताओं कों भी दरकिनार किया जा रहा है।हमलोगों के द्वारा क्षुब्ध होकर अलग बैठक आयोजित कर आपस में आगे कि रणनीति कों लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव संचालन से ठीकेदारों और बिचौलियों को हटाने का निर्णय लिया गया है।और कांग्रेस कमिटी द्वारा अलग से स्वतंत्र रूप से संचालित किया जाए। साथ ही यह मांग कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष एवं उम्मीदवार जे पी भाई पटेल से किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राधेश्याम साहू, सुदर्शन मंडल,हीरामनी देवी, रुखसाना प्रवीण,रितु देवी, सिकंदर मुंडा,दीपक, रवि सिंह,रेखा देवी, मनोज प्रसाद,मिथुन ठाकुर, सूरज कुमार अतौर रहमान, ताहिर अंसारी, विकास यादव,अनिकेत कुमार,विकास कुमार,रामजी महतो असगर अंसारी,अनीता देवी, रीना देवी,रेनू देवी, सुनीता देवी,वीणा देवी,तराना प्रवीण,सीता कुमार, मनोज राम,लोसीमा देवी,।

## डाक मतपत्र से मतदान करने की प्रक्रिया आज से प्रारंभ, आज से लेकर 12 मई तक जारी रहेगी प्रक्रिया

**गुमला**- भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश एवं कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल 18 में निहित प्रावधानुसार निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्राप्त है। जिसके तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में डाक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के निमित मतदान सुविधा केंद्र एवं डाक मतदान केंद्र के माध्यम से अब्सेंटी वोटर्स एवं इलेक्शन ड्यूटी में संलग्न मतदाताओं को मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

जिसके तहत आज से जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। आज 03 मई से 12 मई 2024



तक प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक वैसे मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न रहेंगे एवं मतदान के तिथि के दिन मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने में असमर्थ रहेंगे जैसे मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया जाएगा।

आज 3 मई को महिला महाविद्यालय पुग्गू, गुमला में अधिस्थापित सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया गया, एवं 06 मई तक उक्त स्थान पर मतदान की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं 07 मई से 9 मई 2024 तक दिए गए निर्धारित समय में पुलिस लाइन चंदालि में सुविधा केंद्र में एवं 10 से 12 मई तक वाहन कोषांग, गुमला में स्थित सुविधा केंद्र में जाकर निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया जाएगा।

इसी प्रकार 07 मई से 09 मई तक प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के कार्यालय भवन 01 कक्ष संख्या 10 में डाक मतदान केंद्र का अधिस्थापन किया गया है जहां आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता के द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जाएगा।

## इनोवा कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, चार घायल, अस्पताल में भर्ती

**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना स्थित कलिंगा ग्राम के समक्ष एक इनोवा कार दुर्घटनाग्रस्त होने से बीरमित्रपुर ( उड़ीसा ) निवासी राजकिशोर केसरी की हुई, दर्दनाक मौत , मृतक राजकिशोर केसरी , की पत्नी दुलारी देवी , रानी केसरी, शंकर केसरी और सुनील जमवार सभी का इलाज फिलहाल बसिया उप स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैं, बताया जाता हैं की बीरमित्रपुर (उड़ीसा) निवासी अपने सपरिवार अपने किसी रिश्तेदार के शादी समारोह में भाग लेने हेतु बिहार राज्य , गये हुए थे, और उक्त शादी समारोह में भाग लेकर वापस बीरमित्रपुर अपने घर जा रहे थे , इसी क्रम में बसिया थाना स्थित कलिंगा ग्राम के पास इनोवा कार के चालक सुनिल जमवार की एकाएक



आंख लग गई और उक्त इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पल्टते हुए एक चापाकल से भी टकराया फलस्वरूप राजकिशोर केसरी के शरीर में गंभीर और अंदरूनी चोट पहुंची, बाद में आनन-फानन में बसिया उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया ,जहां डॉक्टर ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद , गंभीर रूप से घायल राजकिशोर केसरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए , उसे बेहतर इलाज के लियें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, परन्तु तब तक बहुत देर हो चुकी थी, राजकिशोर केसरी को रांची रिम्स ले जाते वक्त रास्ते में ही उनकी मौत हो गई, उक्त सूचना मिलते ही बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, राज किशोर केसरी के उक्त कार को और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम ।

## अभिभावकों के लिए पोस्टकार्ड पर मतदाता जागरूकता अभियान



**गुमला** - ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा एवं लोकल मीडिया न्यूज़ चैनल के संयुक्त तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गुमला में बच्चों के बीच अभिभावकों के लि तोए पोस्टकार्ड पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पत्र पत्र व्यवहार किया गया जिसमें 250 बच्चियों ने अपने अभिभावक को 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में पत्राचार किया गया साथ-साथ बच्चियों को बताया गया कि वह अपने अभिभावकों के साथ अपने आस पड़ोस के पांच परिवार के लोगों को भी मतदान के इस महापर्व में भाग लेने की अपील की गई ताकि हमारा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में वोट प्रतिशत बड़े इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति भारतीय वायुसेना तकनीकी टीम के सदस्य अमित कुमार जी थे साथ ही साथ कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य रोहिणी प्रसाद जी विद्यालय के अनेक शिक्षकों का भी विशेष योगदान रहा और बच्चों ने भी पूरे उमंग उत्साह के साथ पोस्टकार्ड पर अपने माता-पिता को पत्र लिखा यह उनके लिए एक नया अनुभव था.

# पुलिस ने कुल 35 बोतल विदेशी शराब जब्त किये, विक्रेता फरार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला** - गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर , पुरे गुमला जिला में अवैध जावा महुआ का चुलईया शराब दारू सहित नशीले पदार्थो के अवैध धंधे , अवैध व्यापार, करने वाले, अवैध ठेका चलाने वाले तस्करों और अवैध व्यापारियों के विरुद्ध चलायें जाने वाले अभियान में सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं , इसी क्रम में बिशुनपुर थाना प्रभारी बुद्धेश्वर पाल को एक गुप्त सूचना मिली की बिशुनपुर थाना स्थित बनालात ग्राम में किराना दुकान सह घर में अवैध शराब के कारोबारी राजेश



साहू द्वारा विदेशी शराब, मेक ड्यूल किंगफिशर, गॉडफादर , केन वियर बेचा जा रहा हैं , इसी क्रम में बिशुनपुर थाना प्रभारी बुद्धेश्वर पाल को एक गुप्त सूचना मिली की बिशुनपुर थाना स्थित बनालात ग्राम में किराना दुकान सह घर में उक्त सूचना को थाना प्रभारी ने तत्काल अपने उच्च पदाधिकारीयों ( गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव को दी ) जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुयें, एक एसटीएफ , छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी बुद्धेश्वर पाल के नेतृत्व , में आरक्षी क्रमशः घनश्याम बारी , समीर अंसारी और सुधीर विल्लुंग ने छापामारी और आवश्यक कार्रवाई हेतु , बिशुनपुर थाना में एक तन्हा दर्ज कर , ।

उक्त गुप्त सूचना स्थल के तरफ प्रस्थान किया और बिशुनपुर बनालात ग्राम पहुंचकर शराब व्यापारी राजेश साहू के घर सह किराना दुकान में छापामारी कर बिदेशी शराब मेक ड्यूल , किंगफिशर , गॉडफादर केन वियर और शिशे के बियर बोतल सहित मिलाकर कुल 35 बोतल बिदेशी शराब और बियर बोतल जब्त कियें गयें , इसी क्रम में पुलिस को चकमा देकर शराब व्यापारी राजेश साहू फरार होने में सफल रहा, उसकी गिरफ्तारी के लिए बिशुनपुर पुलिस द्वारा जगह-जगह पर छापामारी की जा रही है।

## एक-नजर

### गोला के झिझरीटांड में सीपीएम जिला कमिटी की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई संपन्न

**गोला।**सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक झिझरीटांड, गोला स्थित पार्टी कार्यालय में कॉ.लोविन्द महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सबसे पहले रामगढ़ जिला कमिटी सदस्य कॉ.मो. कासिम, पतरातु लोकल कमिटी के के.के.अमबष्ठा, गुमला जिला कमिटी सदस्य शांति उरांव,कोल कंपनी के सुधीर प्रसाद एवं सीपीआई के राष्ट्रीय नेता कॉ.अतुल अंजान की मृत्यु पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सचिव ने गत बैठक से अबतक का रिपोर्ट कार्ड पेश किया गया। जिसपर उपस्थित साथियों ने अपने बिचार व्यक्त किया और रिपोर्ट को पारित किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को सर्वसम्मति से समर्थन देने का निर्णय लिया गया।पार्टी के शाखा सचिवों के शिक्षण कार्य हेतु कार्यशाला के लिए तिथि और स्थान के बारे में आगामी जिला कमिटी की बैठक में निर्णय लेकर पार्टी राज्य, केन्द्र को जानकारी दी जाएगी। बैठक में कॉ.आर पी सिंह चंदेल, जिला सचिव, धनेश्वर महतो,लोविन्द महतो जिला कमिटी सदस्यों सहित बालेश्वर महतो,भुनेश्वर महतो, चेतलाल महतो, अनुज महतो एवं बेलाल अंसारी उपस्थित थे।.

### रामगढ़ कॉलेज में डॉ बलवंती मिंज बनी परीक्षा नियंत्रक, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**रामगढ़।** महाविद्यालय, रामगढ़ के राजनीति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ बलवंती मिंज की नियुक्ति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की पत्रांक संख्या विभायू/स्थापना/1703/16/1036/24 दिनांक 02/05/2024 द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक के रूप में हुई। डॉ बलवंती मिंज के परीक्षा नियंत्रक बनने पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी खुश नज़र आए,विशेष रूप से परीक्षा विभाग के उप परीक्षा नियंत्रक डॉ शालिनी प्रकाश, दशरथ महतो, राकेश कुमार, मो. उस्मान और गौरव प्रधान ने प्रसन्नता जाहिर की और उन्हें बधाई देने का तांता लग गया।

प्राचार्य कक्ष में एक सादा समारोह अयोजित कर नई परीक्षा नियंत्रक डॉ बलवंती मिंज का शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सादा स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व परीक्षा नियंत्रक सह वर्तमान प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि बलवंती मिंज एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका हैं। डॉ मिंज अपने काम की जिम्मेदारी बखूबी निभाती आई हैं। नियमों और परिनियमों का सख्ती से पालन करती हैं।

लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करती हैं और अपने लक्ष्यों से जुड़े कर्तव्यों को पूरा करने में पूरी मेहनत करती हैं। इनमें परिवेश और दायित्वों के प्रति उच्च स्तर की जागरूकता भी है। स्वागत करने वालों में डॉ कामना राय, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन, डॉ अनामिका, डॉ विजेता तिग्गा, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ असीम खलको, डॉ शाहनवाज खान, डॉ साजिद हुसैन, डॉ बीरबल महतो, जितेंद्र कुमार राणा, सरजू महतो और सुमंत कुमार महली शामिल थे।

### संविधान की रक्षा व महंगाई-बेरोजगारी से छुटकारा के लिए भाजपा को हटाएं : अकेला यादव

**भुरकुंडा (रामगढ)।**हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव भुरकुंडा पटेलनगर स्थित कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के कार्यालय पहुंचे। जहां यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे, केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने विधायक अकेला का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए शॉल ओढाकर सम्मानित किया। मौके पर बरही विधायक अकेला यादव ने कहा कि लोक उपक्रम और संविधान की रक्षा व महंगाई-बेरोजगारी से छुटकारा दिलाने के लिये भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश महासचिव संतोष यादव, संजय यादव, दयानंद प्रसाद केशरी, रामानुज प्रसाद, बसंत बसपत, रामदेव महतो, उमेन्द्र कुमार, मनोज राम, बिंदु बेदिया, सुलेन्द्र, शनिचरवा बेदिया, वासुदेव, अर्जुन, रवि कुमार, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।.

### भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना संचालन समिति ने ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई का किया निरीक्षण

**भुरकुंडा (रामगढ)।**भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के नव गठित संचालन समिति ने शुक्रवार को पानी सप्लाई और ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य सहित पटेलनगर, सुंदरनगर, भुरकुंडा, जवाहर नगर और कुरसे पंचायत के मुखिया व प्रतिनिधि उपस्थित थे। बताया गया की पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति के लिए नई संचालन समिति का गठन किया है। जो 1 मई से अपना कार्यभार संभाल लिये हैं। इसी कडी में पटेलनगर ट्रीटमेंट प्लांट, हुरूमगढा पानी टंकी और दामोदर नदी स्थित पानी सप्लाई मोटर हाउस का हैंड ओवर समिति को किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा निरीक्षण कर जानकारी ली गई की जलापूर्ति के लिए प्लांट में क्या-क्या उपकरण और व्यवस्था वर्तमान समय में उपलब्ध है। समिति के लोगो ने बताया की पांचों पंचायत में पानी सप्लाई सुचारू रूप जारी रहे इसके लिए समिति प्रयत्नशील है। मौके पर मुखिया कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, उपमुखिया अजय तुरी, जवाहर नगर के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, पटेलनगर के मुखिया प्रतिनिधि रौशन नायक, जल सहिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, छोटू, पानी सप्लायर शिव कुमार सिंह आदि मौजूद थें।

### सीकरी गांव में अज्ञात लोगों ने किसान के पुआल के गांज में लगाई आग

**गुमला :** जारी प्रखंड के गांवों में लगातार पुआल की गांज में आग लगाने का सिलसिला जारी है। मंगलवार की रात सीकरी निवासी अमीन खान के पुआल के गांज में भी आग लगा दिया गया। वहीं पिछले महीने 23 अप्रैल की रात्रि को आलम खान नईम खान जिब्राइल खान और मुस्तकीम खान के पुआल को भी आग लगा दिया गया था 16 अप्रैल की रात्रि को पगुरा गांव निवासी लखन सिंह के बांस में आग लगा दिया गया था जिससे लगभग 300 पीस बांस जल गया था। अमीन खान ने जानकारी देते हुए बताया साल भर मवेशी को खिलाने के लिए पुआल था जिसे किसी अज्ञात के द्वारा आग लगा दिया गया वहीं क्षेत्र में लगातार इस प्रकार की घटना से लोगों में चिंता है कि कब किसके पुआल में आग लगा दी जाएगी वही ग्रामीणों ने आग लगाने वाले व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है बुधवार की अपराह्न पीड़ित ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

### इचा हाटाटोली में लगे सोलर जलमीनार विगत 1 महीना से है खराब

**चुंदरी** पंचायत के इचा हाटाटोली में लगे सोलर जलमीनार 1 महीने से खराब पड़ा है। इस आशय की जानकारी ग्रामीणों ने शुक्रवार को दिन की 3~30 बजे देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नलजल योजना अंतर्गत इचा हाटाटोली गांव में सोलर जलमीनार लगाया गया था।लेकिन एक महीने से उक्त सोलर जल मीनार खराब पड़ी हुई है। विगत 20 दिन पूर्व पेयजल विभाग को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई। लेकिन विभाग द्वारा इसे बनवाने को लेकर कोई पहल नहीं किया गया। इस भीषण गर्मी में पानी का किल्लत हम सभी ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।और काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।वही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द मुख्यमंत्री नलजल योजना अंतर्गत लगे सोलर जलमीनार को बनवाने की मांग ।

# पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : रवि कुमार

रांची

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें।

रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें।

रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं।




साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो।

रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

## पार्टी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : गुलाम अहमद मीर

**रांची।** कांग्रेस के गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले,वार्ड,प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है।

उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के



रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं वो नहीं चाहते हैं कि इस देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो।

## लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव का माहौल बनायें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खूंटी,** । लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पर्ची वितरण की जानकारी ली।

बैठक में बताया गया कि माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त नें दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह



सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके। उन्होंने मतदान की तिथि को किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। एएमएफ, वोटर्स फैसिलेटेशन पोस्टर, कम्युनिकेशन प्लान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि क्लस्टर एवं बूथों पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा शुक्रवार को 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी और लोयला इंटर कॉलेज परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीठासीन पदाधिकारियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शुक्रेवार से सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग का शुभारंभ हुआ। पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले पीठासीन पदाधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र में स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशिक्षण के दौरान



प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन एवं दायित्वों से पीठासीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों को संधारित करने की विधि से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी की जरूरत होती है। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के डम्मी प्रपत्र का प्रयोग कर संधारित करने के तरीके की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पोस्टल वोटिंग आरंभ होने से पूर्व प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आइटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप, कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्याम नारायण राम , प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी परवेज सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग कें लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इससे पूर्व चुनाव कार्य संपादन से संबंधित 50 प्रश्नों के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारियों की कार्य कुशलता की जांच के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

## भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

**रांची,** । भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे।

राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे। 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक



भाकपा के मेंबर बने। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव थे। कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग पांच वर्ष तक जेल में रहे। उल्लेखनीय है कि अनजान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 60 साल के अनजान कैंसर से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे थे।

## बसों की धर पकड़ से चरमरा गई है खूंटी की परिवहन व्यवस्था: अरूण साबू

**खूंटी,** । खूंटी जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार जयसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बस संचालकों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से इस निर्णय लिया गया कि सभी बस संचालक आनेवाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे और दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे।

मौके पर अरूण कुमार साबू ने कहा कि मतदान करना हमारे भारतीय होने की पहली पहचान है। उन्होंने कहा कि इस बात को भी हमें ध्यान देना है कि हम बस संचालक जनहित के कार्य के लिए अपनी सेवा देते हैं। अपनी बसों का परिचालन जनता की सुबिधा के लिए करते है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में खूंटी ही एक ऐसा जिला है, जहां बसों को चुनाव कार्य के लिए बसों को



पकड़ा जा रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि बसों को जब्त करने में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को मतदान करने अपने गाव तक आने-जाने में वाहनों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिला प्रशासन पूरे जिले में नाकाबंदी कर सभी बसों को पकड़ रहा है। यदि सभी वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा, तो लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होगी। इस ओर मुख्य चुनाव आयुक्त का ध्यान आकृष्ट करते हुए साबू ने कहा कि सभी मार्गों में चलने वाली बसों को जब्त क लेने का यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। बसों का परिचालन मतदान से लगबहग पांच दिन पहले ही ठप हो जायेगा। एक भी बस नही चलेगी। इससे जनता को और चुनाव कार्य मं लगे पदाधिकारियों को आने-जाने में ऑटो का सहारा लेना होगा। एसोसिएशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की कि चाईबासा और सिमडेगा मार्ग में 10 बसों के आने-जाने की अनुमति दी जाय।

## हाथ को साफ करना है और कमल को चुनना है : कोचे मुंडा

खूंटी। खूंटी के विधायक और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि इस बार हाथ को साफ करना है और कमल को ही चुनना है ताकि हम तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार को ला सकें। विधायक शुक्रवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रनिया में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मुंडा ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से विपक्षी घबड़ा गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। महिलाओं के सम्मान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि। इन योजनाओं से जुड़कर लोग लाभान्वित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दें और पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

तोरपा विधानसभा चुनाव प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री पुनः नरेन्द्र मोदी को बनाने और भाजपा के खूंटी लोकसभा सीट के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को विजयी बनाने के लिए पार्टी के हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर मेहनत करने की जरूरत है। मोदी में विश्वास कर कमल का बटन दबाकर देश में चार सौ सीट जीतने के सपने को साकार करना है। क्योंकि, देश में प्रधानमंत्री मोदी ही देश के विकास के लिए संकल्पित हैं।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### रांची संसदीय क्षेत्र से अब तक 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पांचवें दिन शुक्रवार को अब तक कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।

शुक्रवार को चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों के जरिये नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन करनेवाले उम्मीदवारों में आदिवासी किसान मजदूर पार्टी से अंजनी पांडे, गांधी₹, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से धनंजय भगत,निर्दलीय से मनोरंजन भट्टाचार्य और निर्दलीय से मनोज कुमार शामिल है।

### हेमंत सोरेन पर बेबुनियाद आरोप लगा भेजा गया जेल: झामुमो

**रांची।** रांची लोकसभा के लिए इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के समर्थन में रांची महानगर की बैठक झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजे जाने का विरोध वोट में दिखेगा। हम सभी इंडी गठबंधन के साथियों को एकसाथ केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा हमे देश की तानाशाह सरकार को हटाना है। झारखंड मे भी आपने देखा की किस तरह से हेमन्त सोरेन को झूठे आरोप मे जेल भेजा गया जिसका हमे अपने वोट से करारा जवाब देना है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनाना है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षक ने की उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जांच

**खूंटी,** । खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच शुक्रवार को समाहरणालय, के विकास भवन स्थित सभागार मे व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारन और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी।

जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी अर्पणा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय, बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित हुए। इस दौरान जारी दिशा निदेर्शों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया।

### झामुमो ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए घोषित किए पांच उम्मीदवारों के नाम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर ओडिशा राज्य के मयुरभंज लोकसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन की बेटी हैं।

### वामदलों ने श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की

**रांची।** भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर युनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है।

माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर पर की गई है लेकिन एचईसी के मजदूरों के जरिये प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान किसी प्रकार के विरोध कार्रवाई का कोई आह्वान भी नहीं किया गया था।

नेताओं ने कहा कि एचईसी के अनुशासित मजदूर इस बात से अवगत हैं कि आम निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में एचईसी के मजदूर चुनाव की प्रक्रिया में कोई बाधा खड़ा करना नहीं चाहते हैं लेकिन एचईसी के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ी भाजपा घबराई हुई है और उसने ही रांची पुलिस पर दबाव बनाकर श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कराया है।

### अक्षय तृतीया दस मई को, नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ

**रांची,** । इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-02/2024-25**

पत्रांकः–309 दिनांक :–03.05.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 10.05.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजेतक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 11.05.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजेतक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.05.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Strong room, Counting Hall & Barricading at Chatra College Chatra, for Lok Sabha General Election 2024 | 31,11,700.00 | 62500.00 | 5000.00 | 01Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 324357 Building(24-25)#D

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से अब तक 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अबतक (कुल 20 अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन फार्म खरीदा गया है, जबकि 02 मई तक कुल 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन दर्ज किया है। इन में विभिन्न दलों से पांच और छः निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में अपना-अपना नामांकन दर्ज किया है। संजय कुमार मेहता। **दलः (निर्दलीय), अभ्यर्थी का नाम --** जय प्रकाश भाई पटेल दलः (इंडियन नेशनल कांग्रेस), अभ्यर्थी का नाम राजकुमार दलः (निर्दलीय), अभ्यर्थी का नाम श्याम बिहारी प्रजापति दल : (निर्दलीय), अभ्यर्थी का नाम -- कुंज बिहारी कुमार दलः (निर्दलीय), अभ्यर्थी का नाम मनीष कुमार जायसवाल दलः (भारतीय जनता पार्टी), अभ्यर्थी का नाम निशांत कुमार सिन्हा दलः (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक), अभ्यर्थी का नाम अनिरुद्ध कुमार दलः (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), अभ्यर्थी का नाम शशि भूषण केसरी दलः (निर्दलीय), अभ्यर्थी का नाम मोहम्मद मोइनउद्दीन अहमद दलः (बहुजन समाज पार्टी, बीएसपी) और अभ्यर्थी का नाम मोहम्मद सिराज दल : (निर्दलीय) प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से शुक्रवार तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा

**हजारीबाग। 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीदी तथा नाम निर्देशन दाखिल करने के अंतिम दिन यानी 3 मई तक कुल 20 अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया। वहीं 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दर्ज किया गया है।**







## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ में हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का दो दिवसीय उर्स संपन्न



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा कर्बला चौक स्थित मजार में दो दिवसीय हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वा उर्स पूरे धूमधाम से मनाया गया।मौके पर अकीदतमंदो ने दो दिनों तक मजार पर चादर पोशी की।उर्स के मौके पर दो दिवसीय मेला एवं शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया।इस उर्स के मुख्य अतिथि झामुमो नेता गौरव पटेल ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया।इस मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए नाव झूला, ब्रेक डांस झूला, तारा माची, जंपिंग डांस समेत रंग-बिरंगे खिलौने की दुकान एवं खाने पीने की दुकानें लगाई गई। उर्स के संयोजक रफीक आलम ने बताया कि पहला दिन अख्तर आजाद एवं सनम वारसी एवं दूसरे दिन नागपुर से आए शाकिब अली एवं सनम वारसी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ।उर्स के अध्यक्ष मनोवर आलम ने मुख्य अतिथि झामुमो युवा नेता गौरव पटेल एवं मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी को प्रशस्ति पत्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में इंटर कॉलेज साइंस के प्रिंसिपल बसंत कुमार झा,शहाबुद्दीन अंसारी,चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. एके पांडेय,उमेश प्रसाद को वशिष्ठ सेवा सम्मान में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लाइव इलेवन डॉ. समीम अंसारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष लतीफ सेठ एवं कमेटी के अध्यक्ष मनोहर आलम ने उर्स में एवं समाज में बेहतर कार्य करने वालों सभी को पत्र प्रशस्ति देकर सम्मानित किया।इस मौके पर झारखंड एकता संघ के संस्थापक अनिरुद्ध दांगी, समाजसेवी किशोरी राणा, डॉ. शमीम अंसारी,इबरार अंसारी, असलम अंसारी, अंसारी मजलूम, शहाबुद्दीन अंसारी डॉ. मुस्ताक आलम, समीम निजाम समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### सिरमा और पंडरिया गांव में मचान जलकर राख, मुआवजे की मांग



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिरमा एवं पंडरिया गांव में पुवाल का मचान जलकर राख हो गया। सिरमा में शाम 6:30 बजे किसान मोहम्मद अलाउद्दीन तथा पंडरिया में रात्रि 11:30 बजे किसान नारायण कुमार महतो के पुवाल की मचान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग को बुझाया गया। नारायण कुमार महतो के मचान के नीचे गौशाला बना हुआ था। आग लगने की जानकारी मिलते हीं गौशाला में बंधे जानवरों को बाहर निकाल कर बचाया गया। वही अलाउद्दीन के मचान में कई कीमती लकड़ीयां जलकर नष्ट हो गई।

# जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क, एक दिन में किया दर्जनों पंचायत का दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इम समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जाएगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जाएगा।

जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव, रेणु देवी, पूर्व मुखिया उदय साव, कोमल कुमारी, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, रंजीत यादव, विक्की धान, उपेवन्द्र यादव, जयकुमार महतो, नीरज यादव, मो. अजहर आदि उपस्थित रहे।

## पूरा हजारीबाग कह रहा अबकी बीजेपी नहीं, सिर्फ जेपी: जय प्रकाश भाई पटेल




## आम जन का मिल रहा जोरदार समर्थन

प्रचण्ड गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी जय प्रकाश भाई पटेल को अपना समर्थन देने लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जहां कहीं भी श्री पटेल जनसंपर्क के लिए गए, आम लोगों का भरपूर साथ मिला। कोई उन्हें पानी पिला रहा था तो कोई गले लगाकर आशीर्वाद देते नजर आया। जेपी भाई पटेल मिले इस स्नेह से अभिभूत थे। होंने भी बड़ों के पाँव छू आशीर्वाद लिया।

# वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया निर्मल जैन के नेतृत्व में रक्तदान शिविर



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** 1 मई को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ महेंद्र प्रजापति,सोनू कुमार और राजेश गिरी ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात कैलाश यादव, दिलीप कुमार केसरी, आकाश गुहा,अर्जुन यादव,फिरोज अंसारी,योगेश जैन,पुनीत बग्गा,प्रदीप कुमार महतो,लालचंद महतो,मोहम्मद दानिश,मुदस्सिर अब्दुल्ला,आनंद कुमार,विकास पांडे,विवेक मिश्रा, दामोदर पांडे,अविनाश पंडित, दिनेश पंडित,बबलू कुमार,दीपक कुमार,रितेश कुमार,पिंटू कुमार और दीपक राज आदि अनेक रक्तदाताओं ने इस भीषण गर्मी में भी रक्तदान कर मानवता का परिचय रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा रक्तदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने के लिए भी प्रेरित किया गया।

**भीषण गर्मी में भी आकर रक्तदान करने वाले को एसोसिएशन दिल से सलाम करती है : निर्मल जैन**

# गर्मियों में पशु पक्षियों के लिए एक छोटी-सी कोशिश, और थोड़ी-सी मानवता दिखाने से बच सकता है पक्षियों की जान

**गर्मियों में परिंदों को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी, इसलिए करें प्रयास मिलझुल कर इसकी**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ सजल पाठक

**पदमा।** गर्मियां आ गई हैं और गर्मी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। जाहिर तौर पर इतना गर्म मौसम किसी को नहीं भाता, गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है और इस चिलचिलाती धूप में बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक भी है। हम मनुष्य तो प्यास लगने पर पानी पी लेते हैं। लेकिन यह मौसम बेचारे बेजुबान पशु -पक्षियों के लिए बहुत भारी पड़ जाता है। नन्हें-नन्हें पक्षियों की हर साल गर्मी के मौसम में कितने पशु - पक्षियां प्यास और लीं३२३१ङ्गह्यी का शिकार हो कर जान दे देते हैं। इनके लिए यदि हम एक छोटी-सी कोशिश करें, थोड़ी-सी मानवता दिखाएं तो घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की जिंदगी बचाइ जा सकती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें.मनुष्य तो पानी और भोजन का संग्रहण कर रख लेता है। लेकिन परिंदे को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। इसलिए गर्मियों में परिंदों को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है कहीं न कहीं ये पक्षियां हम पे ,और हमलोग इन नन्हें-नन्हें पक्षियों के भरोसे होते है.इन दिनों हजारीबाग जिला का तापमान 35-40 डिग्री सेल्सियस पर है। आने वाले सप्ताह में और अधिक गर्मी पड़े की संभावना है और गर्मियों में पक्षियों और अन्य जीवों के लिए पानी अमृत के समान है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं, तो वे घरों के सामने दरवाजे पर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग तो पानी पिला देते है , और कुछ लोग देख कर मुँह फेर देते है , कोई हमारे दरवाजे से प्यासा ना जाय इसलिए इस गर्मी में लोगों को पक्षियों की भूख और प्यास बुझाने के लिए प्रयास करना चाहिए।



### क्या करें उपाय

घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें, या बड़ा बर्तन अथवा कोटना पानी भरकर रखें, जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित होते हैं। छत में भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए चना, चावल, ज्वार, गेंहू आदि जो भी घर में उपलब्ध हो उस चारे की व्यवस्था छतों में करें। कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।

### क्या कहते हैं, पशु चिकित्सक डॉ.अरुण कुमार रॉय



इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉ अरुण कुमार रॉय ने पक्षियों के हित में बताया की गर्मी बढ़ने पर पक्षी अपने शरीर का तापमान नियंत्रित करने और खुद को ठंडा रखने के लिए अपनी चोंच खोले रहते हैं। उनके शरीर में पानी की कमी होने पर उन्हें प्यास लगती है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं, इसलिए जहां जल का स्रोत है वहां पक्षियां पहुंच कर अपना प्यास बुझा लेती हैं। किन्तु बहुत सारी तालाब ऐसी भी जो जल कुंडी से ढका हुआ है, इसे सरकारी तौर पर साफ करवाना चाहिए। क्योंकि इसका खुला रहने से एक तो एटमॉस्फेयर हिट को कम करता है और पक्षी भी पानी को देख पाते है।

### क्या कहते हैं पशु पक्षी प्रेमी



भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी प्रभारी पदमा निवासी नारायण यादव बताते है की गर्मियों में पशु पक्षियों को भोजन और पानी का बहुत दिक्कत हो जाता है , ये प्राणी भोजन और पानी के लिए दर दर भटकते है, और भटकने के दौरान भोजनऔर पानी मिल जाय तब तो ठीक है,और ना मिला तो गर्मियों में बिन पानी के ये प्राणी तड़प तड़प के मर जातें है। जिसका असर पर्यावरण पर भी पड़ता है। क्योंकि चील और गिद्ध लावारिस मृत पशु-पक्षियों को अपना आहार बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का काम करते हैं. साथ ही पक्षी बीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का भी काम करते हैं।

### गर्मियों में पक्षियो के लिये भोजन और पानी की होती है कमी

पदमा निवासी ललन कुमार बताते है की गर्मी में पक्षियों के लिए भोजन और पानी की कमी रहती है। पक्षियों के भोजन कीड़े-मकोड़े गर्मियों में नमी वाले स्थानों में ही मिल पाते हैं। खुले मैदान में कीड़ों की संख्या कम हो जाती है, जिससे पक्षियों को भोजन और पानी खोजने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं इन गर्मियों में तालाब , नदियां में पानी का स्तर कम हो जाता है, और उन्हें प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकना पड़ता है।

# भीषण गर्मी को लेकर मिशन होस्पिटल ने मरीज एवं आम आवाम के लिए किया ठंडे पानी की व्यवस्था



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के मिशन रोड रविन्द्र पथ स्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए मरीज एवं आम आवाम के लिए मिट्टी से बने घडा एवं ठंडे पानी का व्यवस्था किया गया। इस दौरान प्रचंड गर्मी का प्रकोप से बचने के लिए अस्पताल परिवार द्वारा जन जागरूकता फैलाया गया। लू से बचने का उपाय एवं लक्षण लोगों के बीच साझा किया गया। मिट्टी के घड़े ठंडे पानी से मरीज एवं आम आवाम को काफी राहत मिलेगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि आम आवाम व मरीजों के लिए घड़े का ठंडे पानी से गर्मी से काफी राहत मिलेगा। हजारीबाग बढती गर्मी से लू लगने का खतरा बढते जा रहा है। लू से बचने का उपाय व लक्षण पम्पलेट के माध्यम से आम आवाम में जन जागरूकता के उद्देश्य से फैलाया गया है। उन्होंने कहा कि हर संस्थान को सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। छोटी सी छोटी कोशिश समाज में बडा बदलाव होता है। उन्होंने हजारीबाग जिला वासियों को गर्मी से बचने एवं स्वास्थ्य का देखभाल करने का अपील किया।

**प्रचंड गर्मी एवं लू से बचने का उपाय अस्पताल परिवार ने चलाया जागरूकता अभियान**

**छोटी सी छोटी कोशिश से समाज में बडा बदलाव होता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

## संक्षिप्त खबरें

### इंटर कला परीक्षा में टंडवा प्रखंड के टांपर बनीं रिया को ब्राह्मण समाज ने किया सम्मानित



हजारीबाग। इंटर कला परीक्षा में टंडवा प्रखंड की टांपर बनीं रिया कुमारी को हजारीबाग ब्राह्मण समाज ने एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया । वह टंडवा प्रखंड के सिसई निवासी सहायक शिक्षक सह अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय की पुत्री है ।दो वर्ष पूर्व रिया की मां की असमायिक निधन होने जाने के बावजूद वह अपने दो भाई और पिता के हर जरुरतों को पुरा करते हुए यह सफलता हासिल की है। रिया कुमारी 403 अंक लाकर जहां प्रखंड टॉपर बनीं, वहीं चतरा जिला के टॉप टेन में भी जगह बनाई। प्रारंभिक शिक्षा मध्य विद्यालय सिसई से प्राप्त करने वाली रिया एसएस हाइ स्कूल मिश्रौल की मेधावी छात्रा है। रिया कुमारी विषम परिस्थितियों को कभी अपने उपर हावी होने नहीं दिया और लगातार परिश्रम करती रही । वह कहती है कि पिता का प्यार और शिक्षकों के सहयोग से यह सफलता हासिल की है ।हालांकि उसने यह भी कहा कि अगर मां की मौत नही होती तो परिणाम कुछ और रहता ।बावजूद वह इस परिणाम से खुश है और वह जेपीएससी की तैयारी करने की मन बनाई है । इस मौके ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत कुमार ओझा ने कहा कि रिया कुमारी की सफलता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है ।क्योंकि वह विकट परिस्थिति मे घर का सारा काम करते हुए यह सफलता हासिल की है जो काबिले तारीफ है ।इस मौके पर नारायण तिवारी ,अभय दुबे, प्रभात ओझा, कबरा पंचायत के मुखिया निलेश ज्ञासेन,टंडवा उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य देवन्ती देवी, पंसस शशिबाला, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय,प्रोफेसर जयप्रकाश रजक,शिक्षक महेश प्रसाद समेत अन्य लोगों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।06

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में फैशन शो का आयोजन




हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस शो में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परिवेश के विविध रंग देखने को मिले। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी व डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीते 26 अप्रैल से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। फैशन शो में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रणीत कुमार राणा, शिवम कुमार, ओम सिंह, कुंदन कुमार, विशाल, वासू कुमारी, रौशनी, तन्नू श्री, रविंद्र कुमार, सोनी कुमारी, मिकी राज, हेरा फातिमा, रौशनी सिंह, जेपी सिंह, किशोर कुमार, राज सौरभ, विवेक कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं।

# नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि गिरफ्तार

## डीसी कार्यालय परिसर में जमकर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

- आचार संहिता उलंघन मामले में चतरा पुलिस ने की कार्रवाई, चतरा के पूर्व सांसद रहे हैं नागमणि
- गिरफ्तारी के बाद पुलिस से उलझे नागमणि, बढ़ी परेशानी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय परिसर में शुक्रवार को जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। बसपा के टिकट पर नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को गिरफ्तार करने पहुंची सदर थाना पुलिस की टीम के साथ उनका जमकर बहस हुआ। नागमणि मीडिया को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने उन्हें रोका तो नागमणि थाना प्रभारी से ही उलझ गए और उन्हें कानून का पाठ पढाने लगे। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर थाना प्रभारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में हुई है।



### मेडिकल जांच के बाद बसपा प्रत्याशी को भेजा गया जेल

नागमणि आगामी 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे थे। इसके बाद थाना प्रभारी ने उनसे सहयोग की अपील करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के कद्दावर नेता नागमणि को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रहे चतरा के पूर्व सांसद नागमणि को सदर थाना पुलिस में जिला निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### नहीं करेंगे पुलिस की गुंडागर्दी बर्दाश्त, ब्राह्मणवाद व भूमिहारवाद है हावी : नागमणि

पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उलंघन के मामले में ईटखोरी थाना में दर्ज पुराने मामले को लेकर की गई है। कांड संख्या 20/2014 में पुलिस को इनकी तलाश थी। इस बाबत इनके विरुद्ध न्यायालय से स्थाई वारंट निर्गत था। अपनी गिरफ्तारी के बाद पुलिस के इस कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए नागमणि ने कहा है कि उन्हें बड़ी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत चुनाव से दूर करने के नियत से गिरफ्तार किया गया है, पुलिस गुंडागर्दी दिखा रही है। ना हमसे कभी पूछताछ की गई और ना ही पूर्व में कोई नोटिस दिया गया। अचानक दो दिन पूर्व मुझे पता चला। जब मैं कार्यक्रम के लिए परमिशन मांगा। उन्होंने कहा कि नागमणि को पूरा देश जानता है, उसके बाद भी पुलिस का गुंडागर्दी इस कदर होगा। इसको हमलोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। जनता का प्यार और आशीर्वाद मिलता है तो पुलिस के इस गुंडागर्दी के खिलाफ मैं लड़ाई लडूंगा। नागमणि ने कहा कि सामंती, ब्राह्मणवाद और भूमिहार वाद यह दोनों मिलके गुंडागर्दी कर रहे हैं। जनता इसका मुंहतोड़ जवाब उन्हें देगी।

### भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी हैं फारवर्ड, बैकवर्ड को चाहते हैं दबाना : सुचित्रा

वहीं पति के गिरफ्तारी के बाद नागमणि की पत्नी बिहार की पूर्व मंत्री सुचित्रा सिंहा ने कहा कि उनके विरुद्ध बीजेपी और कांग्रेस दोनों मिलकर षड्यंत्र कर रही है। जनता उन्हें जीताकर सदन में भेजे, सभी विरोधियों को खुद मुंहतोड़ जवाब मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी फॉरवर्ड हैं। हम लोग बैकवर्ड है। इसलिए हम लोगों को ये सब दबाना चाहते हैं। हम लोग दबने वाले नहीं हैं। जनता हमारे साथ है, जनता सब जान रही है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या : बसपा

जबकि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। यहां मनुवाद और सामंतवाद ताकत हावी है। नागमणि कुशवाहा के बढ़ती लोकप्रियता को देखकर विपक्षी अकबका गए हैं। बसपा के लोग नागमणि के साथ थे हैं और रहेंगे।

# एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चुरचू प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा, मांगा वोट

## विकसित भारत का संकल्प लें इसबार, फिर एक बार बनाएं मोदी सरकारः मनीष जायसवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/
नंदन कुमार



चरही। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता भी कमल का फूल स्वीकार रही है। मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता कमल खिलाने को उत्सुक दिख रही हैं। शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा (एनडीए समर्थित) प्रत्याशी मनीष जायसवाल मांडू विधानसभा चुरचू प्रखंड के चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मतदाताओं को सम्बंधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हरेक गांवों में बड़ी संख्या में अवस्थित होकर हमे अभिनंदन किया जा रहा है वह भाजपा के मोदी सरकार के प्रति उनके प्रेम और समर्थन की झलक को बखूबी प्रदर्शित हो रहा है। यहां पहुंचने पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी से क्षेत्र में स्वागत किया गया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इस क्षेत्र के टूटकी, किमो, चोय, उदलू, आंगो, ओरिया, नगड़ी, चुरचू, बोदरा, चीचीकलां, सरवाहा, चनारो, बहेरा, कजरी, फुसरी, चरही मंडाटांड़, इंदरा, जरबा, दासोखाप, मुकरू, हरहद, नीमाडीह, कारूखाप, हेंदेगढ़ा, कोवाड़,बंदा, वाकाडीह सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क के माध्यम से आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सभी गांवों में मनीष जायसवाल का गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने मनीष जायसवाल को अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया। प्रचंड गर्मी में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हर जगह जुटी इसलिए मनीष जायसवाल ने चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के लोगों का आभार जताया और धन्यवाद दिया । हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के 62 साल में पीएम मोदी का पिछला 10 साल भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल में हिंदुस्तान को पाकिस्तान और चीन आंख दिखाते थे वो हिंदुस्तान का डंका वर्तमान समय संपूर्ण विश्व में गूंज रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की श्रेणी में ऊंचे स्थान पर हैं। देश आगे बढ़ रहा है और देश में रहने वाले गरीब परिवार को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। मनीष जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प लें इसबार और फिर एक बार बनाएं मोदी सरकार । साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि मांडू विधानसभा में एक ही परिवार के कई वर्षों राज किया है पर विकास के नाम पर शून्य है। मांडू के जनता को कई वर्षों से ढंगा गया है। मौके पर विशेषरूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेत रंजीत सिन्हा, पुरुषोत्तम पांडेय, तोकेश सिंह, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष वकील महतो, भाजपा डांडी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा मांडू मंडल महामंत्री रवि साहू, आजसू के हजारीबाग विधानसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, आजसू चूरचू प्रखण्ड अध्यक्ष गोविंद महतो, जदयू विधानसभा के प्रभारी दुष्यंत पटेल, चूरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, भाजपा के चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, रंगीला महतो, आजसू सुरेंद्र महतो, विश्वनाथ महतो, इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### पति मनीष जायसवाल के पक्ष में प्रचार करने उतरी निशा जायसवाल, बहन लूना और देवरानी ट्विंकल ने भी झोंकी ताकत



विष्णुगढ़। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल भी मैदान में हैं। निशा जायसवाल ने गुरुवार को बरही और चौपारण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। तो दूसरे दिन शुक्रवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाई और मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने का अपील किया। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में

**विष्णुगढ़ प्रखंड का किया दौरा, नुक्कड़ के साथ मतदाताओं से कमल फूल छाप में वोट देने की कि अपील**

भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कशेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतदाताओं से संपर्क साधा ।उनके साथ विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सत्यभामा जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु? देवी और विष्णुगढ़ पश्चिम की मंडल अध्यक्ष अंजू देवी सहित निशा जायसवाल की सहेली रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य शामिल रही ।

### निशा जायसवाल पहुंची चौपारण, कई गांवों में पति के पक्ष में चलाया जनसंपर्क



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**आपके हरेक सुख दुख शामिल रहेंगे मनीष जायसवालः निशा जायसवाल**

चौपारण। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के दूसरे ही दिन उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग की अध्यक्ष रेणुका साहू की अगुवाई में उन्होंने गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित चौपारण भाजपा पूर्वी मंडल में अध्यक्ष सह मुखिया रेखा देवी ने अपने मंडल के महिला दीदियों संग बैठक कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। मनीष जायसवाल की पत्नी निशा जायसवाल ने भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों और अपने साथियों के साथ चौपारण प्रखंड स्थित ग्राम पांडेयवारा, सेलहारा और बरही प्रखण्ड स्थित बरहीडीह में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। निशा जायसवाल ने अनोखे तरीके से हंसते- हंसाते, गाते झूमते हुए मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में जागरूक किया और राष्ट्रहित और समाजहित में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की ।मौके पर विशेषरूप से उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री सुनिल साहू, सत्यभामा, रिंकी विश्वकर्मा, सुनीता देवी, इंदु देवी, मनोरमा राणा, कंचन देवी, रानी शुक्ला, सुभाषो राणा और निशा जायसवाल की सहेली रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य कई जन शामिल रहीं। वहीं पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, महामन्त्री अरविंद कुमार सिंह, बालेश्वर साव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, राजेन्द्र चंद्रवंशी, गजाधर प्रसाद, सुनील सिंह, वासुदेव साव, गौरी साव एवं तपेश्वर ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की धर्मपत्नी निशा जायसवाल पहुंचीं विष्णुगढ़



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की धर्मपत्नी निशा जायसवाल,छोटे भाई की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल तथा हजारीबाग महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रेणुका साहु की गरिमामयी उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा तथा अखाड़ा चौक से कसेरा मुहल्ला तक सघन जनसंपर्क किया गया ।कार्यक्रम के पूर्व विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्षा अंजू देवी समेत अन्य महिलाओं ने निशा जायसवाल,ट्विंकल जायसवाल ,मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल,रेणुका साहू को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देते अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया ।तयकार्यक्रमानुसार बंशीधर अखाड़ा चौक,विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला,बनासो चौक,कुसुम्भा चेतलाल पासवान के दुकान के पास तथा भुताही मुरगाओ शिव मंदिर के पास नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की गई ।इस मौके पर निशा जायसवाल के द्वारा हृदयस्पर्शी नजारा देखने को मिला एक दादी से मिलकर बड़े आत्ममीय अन्दाज से मिली,और नुक्कड़ नाटक के दौरान वृद्ध महिला को कुर्सी में बिठाकर उनसे जीत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान बातचीत के क्रम में निशा जायसवाल ने कहा कि विपक्षी प्रत्याशी के गृह प्रखण्ड में इतना आपार जनसमर्थन और प्यार मिल रहा जिसकी मैने कल्पना भी नही की थी।आपलोगो के आपार प्यार और जनसमर्थन से मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार की जीत पिछली जीत से बड़ी होगी और इस बार एक नया कीर्तिमान बनेगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र दुबे,भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा,जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु? देवी, गायत्री देवी, राजेश सोनी, जीवन सोनी, नीतीश कुमार बरनवाल, कन्हाई यादव, सुनील कुमार अकेला, राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, प्रकाश सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, सुनील कसेरा, भोला कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, अमूल्यचंद्र पाण्डेय, विनोद गुप्ता, राजू यादव, संतोष पासवान, अशोक मंडल,सुखदेव मंडल समेत जगह-जगह पर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

### कुंदन कुमार ने राज्य स्तरीय कीक बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल जीता, नेशनल गेम्स में लेंगे भाग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी संजय ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार ने रांची खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर बड़कागांव का नाम रोशन किया है। कुंदन गोवा में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित नेशनल गेम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से पांच चयनित सीनियर खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुंदन ने कहा कि मैं नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन करना चाहता हूं एवं आने वाले समय में ओलंपिक में भारत का नेतृत्व करने की ख्वाहिश है।



वहीं बड़कागांव के खेल प्रेमियों ने कुंदन की सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं । जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव के पूर्व खिलाड़ी शशि कुमार बागे, दीपक प्रजापति उर्फ दीपू, फिरोज खान, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र राम तूरी के अलावा अन्य खेल प्रेमी शामिल है।

### ग्रामीणों ने तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी के अष्टमी के दिन हुए रामनवमी महुदी मार्ग विवाद दर्ज केस को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर आवेदन सौपा है। आवेदन में नामजद सभी लोगों की गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग की गई है। इसके अलावा आवेदन में महुदी रामनवमी जुलूस विवाद मार्ग को लेकर कई बिंदुओं को रखा गया है। इस आवेदन की प्रतिलिपि देश के राष्ट्रपति,



प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, झारखंड के मुख्य सचिव, राज्य गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक झारखंड, पुलिस महानिरीक्षक, आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल , पुलिस उपमहा निरीक्षक हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग तथा बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी को दी गई है। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, सीताराम राणा, दामोदर प्रसाद मेहता, रवि कुमार महतो, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव में खलल डालने की कोशिश नाकाम, प्रतापपुर जंगल से एक दर्जन आईईडी बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चतरा। नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव में पुलिस को क्षति पहुंचाने की कोशिश को चतरा पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने विफल कर दिया है।एसपी विकास कुमार पाण्डेय और सीआरपीएफ के जिला कंपनी कमांडेन्ट मनोज कुमार को मिले इनपुट के आधार पर सहायक कमांडेंट मनीष



कुमार के नेतृत्व में चलाया गया सर्च ऑपरेशन में सीआरपीएफ एवं जिला बल के पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक आईईडी बम बरामद किया है। हालांकि बम निरोधक दस्ते के द्वारा मौके पर ही सभी आईईडी को ब्लास्ट कर दिया गया है। इस संबंध में सहायक कमांडेंट मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा विकास कुमार पाण्डेय एवं सीआरपीएफ के 190 बटालियन के जिला कंपनी कमांडेन्ट मनोज कुमार के निर्देश पर एवं हमारे नेतृत्व में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कुशमहा जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि लोकसभा चुनाव में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को भारी छती पहुंचाने के गलत मनसुबों से काफी मात्रा में आईईडी बम छिपा कर रखा गया है इसी सूचना पर सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुशमाहा जंगल में सर्च ऑपरेशन चला कर एक दर्जन से अधिक आईईडी बम बरामद किया गया है जिसका बजन लगभग एक बम ढेढ - ढेढ किलो का होगा सभी को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते के द्वारा नष्ट कर दिया गया है। मनीष कुमार ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध अभी आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।अभी भी क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### हावड़ा- इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में किया गया बदलाव



**कोडरमा** : गाड़ी संख्या 09336 हावड़ा- इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में बदलाव किया गया हैं। अब यह ट्रेन दिनांक 05.05.24(रविवार) को हावड़ा से 17.40 बजे खुलने के बजाय 09.35 बजे खुलेगी।14.20 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहाँ से 14.30 बजे आगे के लिये प्रस्थान करेगी। 15.10 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 15.15 बजे आगे के लिये प्रस्थान करेगी।15.30 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहाँ से 15.35 बजे आगे के लिये प्रस्थान करेगी। 16.20 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 16.22 बजे आगे के लिये प्रस्थान करेगी। एवं सोमवार को 17.00 बजे इंदौर पहुंचेगी।उक्त जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने दी।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुमो चौक मुख्य मार्ग रांची पटना रोड एवं गूमो – 1 में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें आगामी 20 मई 2024 को होने वाली लोकतंत्र की महापर्व लोकसभा चुनाव से सम्बन्धित विविध जानकारियां साझा किए साथ ही एक एक वोट का महत्व को बताते हुए सभी को अपना मताधिकार का सही प्रयोग निर्भिक एवं प्रलोभन रहित होकर करने हेतु जागरुक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा एवं बी. एड. सत्र 2023–2025 के प्रशिक्षु सुनील कुमार वर्मा ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलायी गयी । प्रशिक्षु विकास कुमार एवं सागर कुमार ने मतदाताओं को गाना के माध्यम से मताधिकार का महता से अभिभूत कराया। स्वीप ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ब्रांड एम्बेसडर प्रशिक्षु मो.सम्मीउल्ला ने वोट डालने हेतू मतदाता पहचान पत्र के आलावा बारह अन्य पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि) के बारे में ग्रामीणों को बताया।

### सांवरिया किसने सजाया तुमको बड़ा प्यारा लागे बड़ा सूंदर लागे.......



झुमरीतिलैया : श्री श्याम मित्र मंडल का 11 वां वर्षिक महोत्सव शिव वाटिका में मनाया गया।इस अवसर पर रानीगंज से आया बाबा श्याम का शीश का अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा।सर्व प्रथम पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य अनिल मिश्रा ने कराई।यजमान की भूमिका में मनीष वैशिखयार,स्वेता वैशिखयार शामिल हुए। गणेश वंदना गिरधारी सोमानी ने प्रस्तुत किया। कोलकाता के गायक विवेक शर्मा ने सांवरिया किसने सजाया तुमको बड़ा प्यारा लागे......बाबा की कृपा जिस पे हो जाये मौज उड़ाए मौज

## इंडिया गठबंधन चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न

# 100/ मतदान सुनिश्चित करने का लिया निर्णय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** आश्रम रोड स्थित सुभाष प्रसाद यादव के निजी आवास पर कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ एकदिवसीय महत्वपूर्ण बैठक अयोजित हुई।इस दौरान कोडरमा लोकसभा कोर कमेटी एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की?। एवं चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर 100% मतदान सुनिश्चित कर देश में इस बार इंडिया गठबंधन सरकार बनाने का आह्वान किया। साथ ही साथ बैठक में चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के साथ चुनावी कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की गई।बैठक मे बूथ समिति की सक्रियता एवं जनसम्पर्क की गति बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि में बरकट्ठा विधानसभा पूर्व विधायक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता जानकी यादव, कोडरमा राजद जिला अध्यक्ष रामधन यादव,बोकारो विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अवधेश सिंह यादव, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष दामोदर यादव,राजद के वरिष्ठ नेता महेंद्र यादव, राजद के प्रदेश महासचिव डॉक्टर जावेद अख्तर, राजद जिला महासचिव डॉक्टर सरफराज एवं तमाम इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदान को ले मतदाता जागरूकता के प्रति रखे अपने विचार



**कोडरमा :-** चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और हमारा मानना यह है कि इस पर्व को पूरी खुशियों के साथ मनाना चाहिए और साथ ही इसमें हमारी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उक्त बातें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य अभी सिंह ने कहा उन्होंने कहा कि हमें ऐसे उम्मीदवार को चुनना चाहिए कि वह जीतने के बाद क्षेत्र का विकास के साथ-साथ जनभावनाओं का भी आदर करें। चुनाव की तिथि तय है विभिन्न दलों के कार्यकर्ता वोट के ठेकेदार बनाकर नेताओं को सब्जबाग दिखाते हैं और उनकी जीत पक्की बताते हैं ऐसे वोट के ठेकेदारों से नेताओं और मतदाता दोनों को बचने की जरूरत है। थोड़े रुपए और शराब के लालच में मत को बेचना कहीं से प्रजातंत्र के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने पूरे लोकसभा क्षेत्र वासियों से अपील किया है कि वोट के ठेकेदारों से बचे और अपने आने वाली पीढ़ी को विकसित क्षेत्र मिले समाज मिले उसके लिए ऐसे उम्मीदवार को अपना वोट दें।

# दहेज हत्या के आरोपी पति व ससुर को आजीवन सश्रम कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

- 20000 र जुमार्ना भी लगाया
- जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** षडयंत्र रच हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी पति बंटी साव, पिता शुक्र साव, कटाडीह, जयनगर, वर्तमान पता -तीन नंबर कॉलोनी आम बागान, रेलवे फाटक, आसनसोल वेस्ट बंगाल, जिला - वर्धमान एवं ससुर शुकर साव पिता - स्वर्गीय चोकन साव को 302, एवं 201 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**मामला वर्ष 2022 का है । इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 59/ 2022 एवं रळ- 126/2023 दर्ज किया गया था।** अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी श्रीमती एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए, न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रकाश मोदी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता महादेव साव ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री की शादी 2009 को बंटी साहू पिता शुक्र साहू के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। कुछ दिनों तक वह ससुराल में ठीक से रही। उसके बाद उसे ससुराल वालो द्वारा दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसी बीच उसे एक पुत्री व दो पुत्र हुआ। जब हम लोग छठ करने का प्रोग्राम बनाएं तो उनकी छोटी पुत्री ने बताया कि आप छठ कैसे करोगे। गांव की एक महिला द्वारा बताया गया कि आपकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। यह जानकारी मिलने के बाद वे लोग तुरंत अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचे और पूछताछ किया तो उसके दामाद ने बताया कि आपकी पुत्री की हत्या कर जवाहर घाटी में फेंक दिए हैं। आपको जो करना है कर लीजिए । तब हम लोग चंदवारा थाना पहुंचे । वहां पर मेरी पुत्री की फोटो दिखाई गई। इसे हम लोगों ने पहचाना। 14/01./2023 को मामला दर्ज कराते हुए आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की गुजारिश की थी ।

### ढाई माह पूर्व पानी में तैरता हुआ मिला मऊथा लाश

कोडरमा- चंदवारा थाना के चौकीदार महेंद्र यादव को 1/8/2022 को गुप्त सूचना मिली थी कि जवाहर घाटी में एक अज्ञात लड़की का लाश है। जिसकी सूचना पर उन्होंने थाना प्रभारी को सूचना देते हुए धटना स्थल गए। वहां पहुंचा तो देखा कि जवाहर घाटी में बन रहे नए पुल के नीचे एक अज्ञात लड़की का लाश पड़ा हुआ है। जिसका दोनों हाथ दुपट्टा से बंधा हुआ है और मुंह में कपड़ा डाला हुआ। चोट का निशान भी है। जिससे प्रतीत होता है की लड़की के साथ मारपीट कर हत्या कर, लाश छुपाने के उद्देश्य घाटी में फेंक दिया गया है। इसे लेकर उसके द्वारा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया था।

### दिव्यांगजन को मिला रोजगार का अवसर, उनके चेहरे पर खिला मुस्कान



कोडरमा। कोडरमा फ्रांसिस्कन क्लैरिस्ट सिस्टर्स सोसाइटी की ओर से होली फैमिली संस्था संयोजिका का सिस्टर लीला जोश के द्वारा जयनगर प्रखंड के दो पंचायत एवं डोमचांच प्रखंड के फुलवारियां पंचायत के एक दिव्यांग जन राजन कुमार मेहता के बीच स्व-रोजगार उत्पन्न कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उपदेश से किराना दुकान संबंधी सामग्री का वितरण कर मनोबल बढ़ाने का कार्य किया और उन्होंने समझाया किया कि दिव्यांग लोगों की सोच को नकारात्मक पैदा करती है दिव्यांग जनों को कभी भी हीन दृष्टि से नहीं देखना चाहिए इस प्रकार का प्रतिष्ठान दिव्यांगजन के द्वारा संचालित किया जाता है तो निश्चित रूप से अपने परिवार के सदस्यों का भरण पोषण के साथ-साथ स्वरोजगार का भी मौका मिलता है तो अपने और अपने परिवार का भरण पोषण परवरिश अच्छी तरह से कर सकते हैं मौके पर जन-प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सुखदेव हजाम अरविंद कुमार पंडित दीपक कुमार मेहता पिंटू राणा भुनेश्वर मेहता मनीष कुमार मेहता राजेश मेहता वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण कुमार मेहता का गरिमा मय उपस्थिति रहा। सीबीआर स्टाफ जय मंगल कुमार शाही,शुभम कुमार सिंह,रंजीत कुमार सिंह,प्रतिमा कुमारी ने सहयोग प्रदान किया गया।

## दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार

### न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजा गया







**सतगावां :-** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बतादें कि थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी में दो गुटों में मारपीट हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गया।जिसमें प्राथमिकी दर्ज किया था। वहीं कांड संख्या 33/24 एवं 34/24 के तहत मनोज प्रसाद यादव उम्र 45 वर्ष पिता हरी राउत तथा रोहित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता अशोक प्रसाद यादव, दोनों अभियुक्त ग्राम डुमरी, थाना सतगावां, जिला कोडरमा को थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने दलबल के साथ गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच के पश्चात माननीय न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

### चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक कल

# कोडरमा विधान सभा क्षेत्र में चंद्रवंशी मतदाताओं की संख्या बावन हजार से भी ज्यादा पार : मंच

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक 5 मई दिन रविवार को संध्या 7 बजे से महावीर मोहल्ला निवासी दिवाकर राम के निवास पर होना तय है। उक्त जानकारी मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन एवं सचिव महेश भारती ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि बैठक में समाज की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति के साथ साथ शैक्षणिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी जिसमें मुख्य रूप से मैट्रिक, इंटर परीक्षा 2024 के सफल छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए केरियर काउंसिलिंग के लिए योजना बनाई जायेगी। साथ ही उक्त दोनों नेताओं ने कहा कि अभी 2024 चुनावी वर्ष है। और चंद्रवंशी समाज की कोडरमा विधान सभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या बावन हजार से भी ज्यादा है। इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में भी समाज की भागीदारी कैसे सुनिश्चित हो इसपर भी विस्तार से चर्चा किया जायेगा।बैठक चंद्रवंशी विकास मंच के संरक्षक सदस्यों के मार्ग दर्शन में होगी जिसमें जिले के सभी कमिटी सदस्य मुख्य रूप से भाग लेंगे।

### झुमरी तिलैया के लोगों के लिए अच्छी खबर-----

## प्रेरणा शाखा ने अस्थाई अमृत धारा का किया शुभारंभ 11 स्थलों पर राहगीरों और व्यवसायों को मिलेगी राहत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा द्वारा अमृत धारा (प्याऊ) का शुभारंभ श्री अग्रसेन भवन में किया गया। अमृतधारा के अस्थाई कार्यक्रम के तहत दुकानदारों एवं राहगीरों को बहुत फायदा मिलेगा, उन्हें चिलचिलाती धूप में ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। श्री अग्रसेन भवन में आयोजित एक सादे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय स्वास्थ्य फोरम के सदस्य हिमांशु केड़िया एवं प्रेरणा शाखा की पूर्व अध्यक्ष प्रीति केड़िया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच के मंडल 1 सहायक मंत्री श्रेया केड़िया भी उपस्थित थी।कार्यक्रम में उपस्थित दोनों अतिथियों का प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने पौधा देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मायुमं फोरम के सदस्य हिमांशु केडिया ने कहा कि राष्ट्र की अमूल सेवा मारवाड़ी युवा मंच करता है। सेवा कार्य से ही मंच को और इनकी इकाइयों को राष्ट्र पहचान मिली है। मेरा मंच मेरी शान मेरा मंच मेरी पहचान के तहत युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति की सेवा भावना प्रबल होती जा रही है।। ऐसे पुण्य का कार्य प्रेरणा शाखा करती रहेगी। मंडल 1 की सहायक मंत्री श्रेया केड़िया ने कहा कि समिति दायित्व को बखूबी निभाने का कार्य मंच और उनकी इकाइयां प्रेरणा शाखा, सुरभि शाखा, समर्पण शाखा, जागृति शाखा, उड़ान शाखा के तहत महिलाएं भी सामाजिक गतिविधियों में अपने दायित्व को पूरा करने में लगी है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच पनशाला, पाठशाला और धर्मशाला के माध्यम से सामाजिक दायित्व को पूरा करने में लगी है। प्रेरणा शाखा समय-समय पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, गौ सेवा, गर्मी एवं ठंड में पेयजल, कंबल वितरण बरसात में छाता वितरण कर समाज सेवा में जुड़ी रहती है। मंच का उद्देश्य किसी कि मुस्कुराहट पर हो निसार--- किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार -----को सार्थक करने में आधी आबादी भी लगी हुई है और जल ही जीवन है, जल है तो कल है के तहत शहर के 11 स्थलों पर इन अस्थाई घड़ों को लगाया जा रहा है। जहां की सुबह से देर शाम तक राहगीरों को पेयजल उपलब्ध हो सके। मौके पर परियोजना निदेशक ज्योति अग्रवाल, मीना हिसारिया ने कहा कि जल हमारे लिए बहुत आवश्यक है और इसके बिना हमारे जीवन का अस्तित्व पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रेरणा शाखा द्वारा 3 स्थाई वाटर कूलर संचालित किया जा रहे हैं। जिसमे कोडरमा स्टेशन पर 1,शिव तारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 1, व्यवहार न्यायालय में 1 संचालित हो रहा है। निकट भविष्य में 2 और वाटर कूलर लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया ने किया ।इस अवसर पर सह सचिव मिनी हिसारिया, प्रिया अग्रवाल, दीपा गुप्ता आदि उपस्थित थे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खरीद भूमि पर भू-माफियाँ के द्वारा जमीन पर बाजबरन कब्जा करने के विरोध में एसपी को दिया आवेदन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा ।** कोडरमा खरीद की गई वर्षों पहले जमीन पर भू-माफियाओं के द्वारा जबरन कब्जा करने के विरोध में संतोष यादव पिता स्व० रामधनी यादव,उम्र लगभग 40 वर्ष,साकिन-माईनिंग गेट के समीप,पोस्ट-कोडरमा,थाना- कोडरमा, जिला-कोडरमा ने एसपी को आवेदन दिया। जानकारी के अनुसार मौजा-बाघीटांड, हल्का नं०-04, थाना नं०-332, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा के अन्तर्गत अवस्थित खाता नं०-01, प्लॉट नं०-122, रकवा 12 डी० के मधे 4.33 डी० जमीन को अनुग्रह प्र० गुप्ता पिता स्व० रामधनी मोदी, साकिन-खुट्टा, थाना-सतगावाँ, जिला-कोडरमा के द्वारा दिनांक 15. 02.2024 को पावर ऑफ अटॉर्नी सं०-393 कश्-10 के द्वारा हासिल है।तथा इसी खाता, प्लॉट वो रकवा 12 डी० जमीन को विष्णु प्र० यादव पिता रोहन यादव से बजापते निबंधित केवाला सं०-5552 दिनांक 23.10.2003 ई० के द्वारा हासिल है। एवं इसी खाता प्लॉट वो रकवा 04 डी० जमीन चन्देश्वरी देवी पति शिवदानी प्र० यादव से बजापते विक्रय पत्र एकरारनामा सं०-4971 दिनांक 13.03.2004 से हासिल है। और हासिल की तिथि से उक्त जमीन पर शांतिपूर्ण ढंग से दखल कब्जा वो स्वामित्व में अब तक चला आ रहा है।उक्त जमीन पर ईंट का पक्का चहारदिवारी सात फीट का निर्मित है तथा उसमें लोहे का गेट भी लगा हुआ है। उक्त जमीन पर मकान के साथ बिजली बिल एवं होल्डिंग टैक्स सरकार को देकर उसका रसीद वर्तमान में अब तक प्राप्त करते चला आ रहा है। उक्त दखल-कब्जा वाली जमीन पर (1) सुजीत सिंह पिता गंगा सिंह, उम्र करीब 35 वर्ष, साकिन - कोडरमा बाजार, (2) प्रदीप यादव पिता नाम न मालुम, उम्र करीब 32 वर्ष, साकिन-बदडीहा, पोस्ट-कोडरमा, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा (3) सुनील उर्फ पिन्टु पिता लक्ष्मण यादव, उम्र करीब 40 वर्ष, साकिन - छोटकीबागी, पोस्ट-कोडरमा, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा (4) विन्नु यादव पिता नाम न मालुम, उम्र करीब 25 वर्ष, साकिन-कोडरमा बाजार, (5) भालू सिंह पिता नाम न मालुम, उम्र करीब 22 वर्ष, साकिन-कोडरमा बाजार एवं अन्य 15/20अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा नाजायज मजमा बनाकर भू-माफियाओं के द्वारा दिनांक 3.05.2024 को समय करीब 10 बजे पूर्वाहन में बोलेरो वाहन जिसका सं०-खल्-12द-3821 ब्लू-ग्रीन रंग का तथा एक सफेद वाहन आया साथ ही हमारी जमीन पर दो गाड़ी ईट अजीत सिंह द्वारा गिरा दिया गया। जब हम बोले कि हमारी जमीन पर क्यों गिरा रहे हो।तो अजीत सिंह द्वारा कहा गया कि जहां जाना है तूम जा सकते हो कुछ मुझे बिगाड़ नहीं सकता है तुम ज्यादा बोलोगे तो तुझे मारेंगे तुम बार-बार जाते हो थाना एसपी,डीसी के पास क्या हुआ अभी तक मुझे कुछ होने वाला भी नहीं है।हम यहां पर घर बनाएंगे, उन लोगों के पास लाठी था जिससे हम डर गए। अगर हम कुछ और बोलते तो वो लोग मुझे मार देता। मैं इसलिए कोडरमा पुलिस अधीक्षक महोदय को आवेदन दिए ताकि हमारा जमीन भू माफिया द्वारा कब्जा नही किया जाय।मुझे न्यायालय व पुलिस अधीक्षक पर विश्वास है।उन्होंने मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से उचित कार्यवाई करते हुए अपने जमीन पर कब्जा दिलाने का गुहार किया है।

# दबंगों के द्वारा बिना सूचना के विद्यालय के गेट में ताला व गेट के सामने चारदीवारी देकर विद्यालय का रास्ता किया बंद

### भुक्तभोगी ने उपायुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक व अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौप लगाई न्याय की गुहार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा :-** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लरियाडिह में अवस्थित विद्यालय श्यामली पब्लिक स्कूल में दबंगो के द्वारा विद्यालय के मेन गेट में अपना ताला बंद कर दिया।साथ ही विद्यालय के गेट के सामने चारदीवारी दे दिया। घटना के भुक्तभोगी सत्यम कुमार सिंह पिता स्व० जय प्रकाश सिंह ग्राम पंचायत लरियाडिह ने बया की मैं उक्त जगह का मूल निवासी हूँ। मैं अपने पुस्तैनी जमीन खाता संख्या 36 प्लॉट संख्या में निजी विद्यालय का संचालन करता हूँ। मेरी पुस्तैनी जमीन पर भू-माफियाओ - 1148 में निंशात सिंह पिता किशोर सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष (सरकारी शिक्षक), निशिकांत सिंह पिता किशोर सिंह उम्र -40 लगभग,पंकज सिंह,पिता महेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष लगभग होमगार्ड के पद पर सामाहारणालय में कार्यारत है। किशोर सिंह,पिता स्व० बाबूलाल सिंह,महेन्द्र सिंह पिता बाबूलाल सिंह, निरंजन सिंह पिता महेन्द्र सिंह इन सभी लोगो के द्वारा दिनांक 28-04-2024 को खउइ लगाकर हमारे विद्यालय परिसर का मेन गेट पर अपना ताला लगाकर बंद कर दिया। साथ ही मेन गेट के सामने ऊँची दिवार एवं गहरा गड्ढा काट दिया। जिससे विद्यालय में आने-जाने का सारा रास्ता बंद हो गया। जिससे विद्यालय संचालन में व्याधन खडा हो गया है।जब उसको कार्य को बंद करने को कहा गया तो संख्या बल दिखाते हुऐ मेरे साथ गाली गलोज करने लगे। एंव मारपीट करने के लिए दौडा जिसमे पंकज सिंह पिता महेन्द्र सिंह उम्र - 40 वर्ष जो समाहरणालय में उपायुक्त कार्यलय में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है।जो मेरे ऊपर फावडा लेकर मारने के लिए दौडा और चिल्ला- चिल्लाकर मूझे धमकी देने लगा कि मैं उपायुक्त के कार्यलय मे होमगार्ड के पद पर कार्यरत हूँ। में तुम्हारा विद्यालय परिसर को ऊ.उ मैडम से कहकर बंद करवा दूँगा। और मुझे धमकी देता है कि तुम्हारी हत्या करके इसी विद्यालय के अंदर गाड़ दूँगा।मेरी पहुँच समाहरणालय में बहुत उच्च कोटि के पदधिकारियों से है। कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। और साथ में निंशात सिह पिता - किशोर सिंह जो गरायडीह विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत है। जो खंती लेकर मुझे मारने के लिए दौडा और साथ में महेन्द्र सिंह पिता बाबूलाल सिंह उम्र 60 वर्ष के हाथ में कुदाल,किशोर सिंह पिता - बाबूलाल सिंह जिसके हाथ में धारदार हथियार गैंता था। ये सभी मेरे विद्यालय परिसर में हरवे-हथियार से लैश होकर मेरी हत्या करने के नियत से आए थे। बहुत ही मुश्किल से मैं अपनी जान बचाकर भागा हूँ।उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि मैं अकेला एंव असहाय व्यक्ति हूँ मेरा जिवकोपार्जन इसी विद्यालय से है और मेरा एंव मेरे विद्यालय में कार्यरत 20 शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारीयों का परिवार इसी विद्यालय से चलता है। कृपा कर-के मेरी जान एंव विद्यालय परिसर को बचाने की कृपा करें। मैं एक सीधा-साधा एंव असहाय व्यक्ति हूँ मैं हिंसात्मक कोई भी कार्य नही कर सकता हूँ। थक हारकर आखरी उम्मीद महोदया से है मैं आपके समक्ष न्याय का गुहार लगाता हूँ।उन्होंने दंबगो से न्याय दिलाने का आग्रह किया है।ताकि विद्यालय के कार्यरत शिक्षक अध्यनरत बच्चों के भविष्य के साथ मेरे साथ कोई अप्रिय घटना या अनहोनी न हो।और मुझे न्याय मिल सके।

# नक्सलियों के बंकर से विस्फोटक समेत कई सामग्री बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ पलामू पुलिस को बडी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के बंकर को ध्वस्त कर दिया है, जबकि मौके से विस्फोटक समेत कई सामग्री बरामद किया है। माओवादियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पलामू के हैदरनगर, पांडू समेत कई थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादियों ने बुधवार की रात पोस्टरबाजी की थी। पोस्टर चिपकाए जाने के बाद पुलिस हुसैनाबाद, हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज के सीमावर्ती इलाकों में सर्च अभियान चला रही है। सर्च अभियान के क्रम में पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा इलाके में पुलिस को एक घर के बाहर कुछ संदिग्ध चीज नजर आई थी। पुलिस ने मौके पर अच्छी तरह से छानबीन की तो एक घर के बाहर बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामग्री बरामद की गई है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में नक्सली नितेश यादव के मूवमेंट की जानकारी मिली थी। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान के क्रम में पुलिस को घाघरा के हरही के इलाके में अखिलेश यादव नामक व्यक्ति के घर के पास बंकर मिला। छानबीन करने पर बंकर से कई सामग्री बरामद की गयी है। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। अखिलेश यादव और उनकी पत्नी टॉप माओवादी नितेश यादव को संरक्षण देते थे। एसपी ने बताया कि माओवादी नितेश यादव के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में सीआरपीएफ की 172 वीं बटालियन शामिल थी। सर्च अभियान का नेतृत्व हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो कर रहे थे।





## लडाई वीडी राम का नहीं, शहर के विकास का हैः अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर अपनी पूरी टीम के साथ कल स्टेशन रोड, वेलवाटिका, गुरुद्वारा रोड और कई जगहों पर पंजाबी ढोल बाजे के साथ दौरा कर 4 तारीख सुबह 8 बजे चियाकी एयरपोर्ट सभा स्थल पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। साथ ही उन्होंने लोकप्रिय सांसद प्रत्याशी वीडी राम को अपार मतों से विजयी बनाने के लिए 13 तारीख की सुबह मतदान करने की अपील की। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब इस बार पहले से भी ज्यादा वोट से वीडी राम जी को जीताकर सिर्फ सांसद नहीं मंत्री बनाने का दावा करेंगे ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो। यह लडाई सिर्फ वीडी राम का नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास का है। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब चेंबर के सदस्यों के साथ घूम-घूम कर प्रयास कर रहे हैं कि इस बार हमारे शहर का वोट प्रतिशत बडे। हमें पूरा विश्वास है कि हम सबको इसमें अवश्य सफलता मिलेगी।

## उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार थाना के दो आउट पोस्ट को किया गया शील

**कांडी।** थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय डब्लू पीसी नंबर 2532/2021के निर्देशानुसार माननिय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के विविध आदेश के अनुसार आदेश संख्या 132/2024 दिनांक 03/05/24 के पारित आलोक में कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओ पी को स्थानीय गवाहों के समक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम शिल किया गया। ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा,इस पुरे परिसर की देख रेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया गया है विदित हो कि इस कांड के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या,78, रकबा 05 डी0 का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है, मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मोहम्मद अफताब आलम, सीआई, जगरनाथ मांझी, न्यायालय, क्लर्क महेन्द्र राम,थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय,बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद,बीडी सी प्रतिनिधि अनूप पासवान, विनोद राम, कन्हाई पासवान के अलावें अन्य कई लोग मौजूद थे।



## भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री आज चियांकी में करेंगे चुनावी गर्जना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी शनिवार को पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा में दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चियांकी हवाई अड्डे पर कडी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम को लेकर 3000 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। एसपीजी और एनएसजी की टीम पलामू पहुंच चुकी है। कार्यक्रम को लेकर हेलीकॉप्टर लैंडिंग का ट्रायल हो गया है। प्रधानमंत्री की सभा में दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चियांकी हवाई अड्डे पर कडी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।चियांकी हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9.30 बजे के बाद पहुंचेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पलामू लोक सभा सीट से प्रत्याशी विष्णुदयाल राम, चतरा लोक सभा सीट से प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पलामू के सभी बीजेपी विधायक समेत पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया था, उस दौरान नरेंद्र मोदी की सभा पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर हुई थी। 2019 में प्रधानमंत्री की दो बार सभाएं हुई थी। 2024 में प्रधानमंत्री की यह पलामू में यह चैथी बार सभा होगी।



## झामुमो ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झामुमो ने रामगढ प्रखंड के कई इलाकों में इंडिया गठबंधन के पलामू लोकसभा उम्मीदवार ममता भुइयां के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और विभिन्न जगहों पर रात्रि चैपाल आयोजित किया। नावाडीह और सरजा में बैठक हुई। उलडंडा और नेउरा में रात्रि चैपाल का आयोजन किया गया। साथ ही सबों ने निलांबर-पीताम्बर के वंशजों से भी मुलाकात की और लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लालटेन छाप पर वोट देने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। ग्रामीणों ने झामुमो नेताओं का स्वागत गर्मजोशी से किया और ममता भुइयां को समर्थन देने का वादा किया। बैठक में राजेंद्र सिन्हा ने लोगों से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड का बेटा हेमंत सोरेन झारखंड में विकास की गंगा बहा रहे थे। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने कहा कि पलामू किला का परचम दिल्ली के लाल किला पर फहराना है। पलामू की बेटी जब दिल्ली के संसद में गरीबों की आवाज उठायेगी तब पलामू के गरीबों को न्याय मिलेगा। जनसंपर्क अभियान में उपाध्यक्ष बालकिशन उरांव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजयाल अहमद, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, युवा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष ।




## माइक्रो आब्जर्वर करेंगे निर्धारित मतदान प्रक्रिया का सूक्ष्म प्रेक्षणः जेनरल आब्जर्वर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसार गिरिवर उच्च विद्यालय में दो सौ छत्तीस सूक्ष्म प्रेक्षकों (डपबतव व्हेमतअमते) को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जेनरल आब्जर्वर रेम्या मोहन ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की पूरी अवधि में मौजूद रहते हुए सूक्ष्म प्रेक्षकों को कई निर्देश व सुझाव दिए। कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान दल का हिस्सा नहीं होते हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्र पर मतदान दल द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानदंडों को अपनाये जाने का प्रेक्षण करेंगे तथा विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने सूक्ष्म प्रेक्षकों से संवाद कर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने गाइडलाइन के अनुरूप प्रशिक्षण का सफल संयोजन किया। वहीं हेरिटेज स्कूल में 520 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर आदेश दिया कि मतदान दल के सभी पदाधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करें। कोई भी त्रुटि अक्षम्य है। इसलिए प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण, प्रधान सहायक रामलखन राम, अजित कुमार व सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण को अनुसमर्थन प्रदान किया। एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा व जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुर्गानंद झा सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा,अमरेन्द्र नारायण,।



## राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर गोष्ठी आयोजित



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालक संजय कुमार ने किया। मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प माला चढाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गया। गोष्ठी में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि पत्रकारिता वास्तविकता एवं सरोकार से युक्त हो, क्योंकि साहित्य को समाज का आईना कहा जाता है। पत्रकार लोकतंत्र के चैथे स्तंभ होते हैं। आज सकारात्मक पत्रकारिता करने की जरूरत है। पत्रकारिता के बल पर कई गरीब लोगों को मदद मिलती है।

जब सरकारी तंत्र से लोगों का विश्वास उठ जाता है तो अखबार ऐसा माध्यम है जिस पर लोग विश्वास करते हैं। पत्रकार को सही चीजों को समाज के समक्ष रखने की जरूरत है। गोष्ठी में श्याम नारायण साहू, शनि कुमार, संजीत कुमार, उमेश कुमार पासवान, राजू राम, कृष्णा राम, हरे राम, अनुज पासवान, अनुज राम, जसवंत कुमार, सूरजमल राम, प्रवीण कुमार, संजय पासवान एवं संजय चैरसिया समेत कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## प्राकृतिक आपदा रोकना है तो पर्यावरण धर्म अपनाना होगाः कौशल किशोर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के हेसला गांव निवासी स्व जगदीश पासवान के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए उनके परिजनों के साथ जायफल का पौधा लगाया। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलाई। वहीं पर्यावरणविद कौशल व जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के ही मनहु गांव में जाकर नरेश रजक के साथ दुख दर्द बांटते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। उनके पुत्र निशांत कुमार रजक की मौत 26 अप्रैल को कुंआ में गिरने से हो गयी थी। पर्यावरणविद श्री कौशल ने कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ व मानवी भूलों के कारण धरती से डायनासोर सहित कई जीव समाप्त हो गए। वहीं कई समाप्ति के कगार पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भारतवर्ष में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 ीसदी प्रजातियां और पानी में रहने वाले जीवों की 47 ?ीसदी प्रजातियां और 1147 प्रकार की मछलियों की प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन तेजी हो रहा हैं। इससे कई तरह की प्राकृतिक आपदा दुनिया भर में हो रही है। कहीं भीषण गर्मी तो, कहीं ग्लेशियर का अप्रत्याशित पिघलना। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर चीन, दुबई, ओमान और इंग्लैंड में गर्मी के दिनों में भी हुई भारी बारिश से जहां जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं कई जगहों पर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ये सारी तबाहियां जलवायु परिवर्तन के ही दुष्परिणाम के कारण हो रहे हैं। मौके पर स्व जगदीश पासवान की धर्मपत्नी फूल कुंवर, पुत्र अनिल पासवान, सुशील पासवान, सुनील पासवान, सुधीर पासवान, डाली बाजार पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, डॉ आया राम, बसंत विश्वकर्मा, विंध्याचल पासवान, अजय पासवान, प्रदीप पासवान, लक्ष्मण पासवान, अरविंद पासवान, परशुराम पासवान, बैजनाथ पासवान, परमानंद पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।.



## एक-नजर

### सर्वेश्वरी समूह ने आबादगंज में खोला पनशाला

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा द्वारा आबादगंज में स्थित त्रिवेणी नर्सरी परिसर में पनशाला खोला गया। अघोरेश्वर भगवान राम और गुरूपद संभव राम की पूजा अर्चना कर समूह के वरिष्ठ सदस्य वृजेन्द्रनाथ शाही ने पनशाला की शुरूआत की। मौके पर श्री शाही ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह आध्यात्म के साथ-साथ सेवा क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। सेवा कार्य में लगे लोगों को इससे आत्मिक संतुष्टी मिलती है। सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिए। इस तरह के कार्य से समाज के अंदर सेवाभाव का बेहतर वातावरण तैयार होता है। अघोरेश्वर भगवान राम ने समूह की स्थापना कर लोगों को सेवा कार्य से जोडा और निरंतर मानव की सेवा में लगे रहने का संदेश दिया, जिसे आत्मसात कर समूह के लोग सक्रियता के साथ सेवा कार्य में लगे हैं। व्यवस्थापक योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि मेदिनीनगर शहर में समूह द्वारा अब तक दो पनशाला की शुरूआत की गयी है।

आगे और भी पनशाला खोले जायेंगे ताकि आमजनों को राहत मिले। मौके पर स्थानीय शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, मंत्री प्रताप नारायण शाही, प्रचारमंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय, संतोष राय, माधुरी शाही, स्मृति शाही, रूद्र प्रताप शाही, संजय दूबे, शुभम राज, सुधीर कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### वरदान ट्रस्ट ने भूसही में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम शुक्रवार को अपनी मतदाता जागरूकता मुहिम के तहत भूसही गांव पहुंची। टीम में शामिल सदस्यों ने वहां चैपाल में इकठ्ठा किसानों और बुजुर्गों को अवश्य मतदान करने की सलाह दी। साथ ही घर-आंगन तक पहुंचकर टीम वरदान ने आधी आबादी से भी मतदान करने की अपील की। वहीं पहली बार मतदान करने वाले कुछ उत्साही युवाओं से भी टीम वरदान के सदस्यों की मुलाकात हुई, जो मतदान के प्रति सजग और उत्साहित दिखे। भूसही हरिजन टोला में महिलाओं ने अपनी समस्याओं से भी टीम वरदान को अवगत कराया और वोट करने का भरोसा दिलाया। टीम के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों को समझाया कि आपका वोट आपका अधिकार है और आपका एक वोट देश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान केंद्र तक जाने का आपका पांच मिनट का समय अगले पांच साल का भविष्य तय करेगा। जागरूकता अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सुमन शर्मा, धनंजय तिवारी और डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### नौडीहा बाजार में पूर्व सांसद ने चुनाव कार्यालय का किया उदघाटन

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** नौडीहा मुख्य बाजार ग्रामीण बैंक के पास शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का शुभारंभ किया गया। पूर्व सांसद और भाजपा नेता मनोज कुमार ने फीता काटकर इसका उदघाटन किया। मौके पर पूर्व सांसद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव कोई निजी स्वार्थ और स्थानीय नही है। ये देश का चुनाव है। देश हित का चुनाव है। इसलिए सभी को मिलकर ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। इस दौरान मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा पर शनिवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में चलने का भी निमंत्रण पूर्व सांसद ने दिया। कार्यक्रम में मण्डल अधयक्ष संतोष कुमार पाठक, युवा मोर्चा रौशन सिंह, विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार भुइयां, कासी प्रसाद, रामजी मिश्रा, मोहन भुइंया, अशोक यादव, राजू प्रसाद, अमरेश श्रीवास्तव, सुनील सिंह, अशोक प्रसाद, डाक्टर मनोज कुमार, विमलेश भुइयां, वार्ड पार्षद रीता देवी, कोमल भुइयां समेत कई पार्टी नेता मौजूद थे।

### इनामी माओवादी नितेश, संजय समेत कइयों के खिलाफ एफआईआर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू में माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपकाने के मामले में 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम, सीताराम रजवार समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल, भाकपा माओवादियों ने गुरुवार को पलामू के हैदरनगर, पांडू समेत कई थाना क्षेत्रों में पोस्टर चिपकाए थे। पोस्टर में वोट समेत कई बातें लिखी थीं। पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

नितेश यादव बिहार के गया का रहने वाला है, जबकि संजय गोदाराम पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पलामू पुलिस द्वारा जब्त किए गए सभी पोस्टर एक ही हैंडराइटिंग में हैं।

### 14 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता तत्परः अभिषेक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आजसू नेता अभिषेक राज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पलामू आगमन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि श्री मोदी के आगमन को लेकर पलामू के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री स्वागत के लिए डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर शनिवार को जनसैलाब उमडने वाला है। एनडीए के शासन काल में लंबे संघर्ष के बाद झारखंड प्रदेश की सौगात मिली और देश की आजादी के 75वें साल में एनडीए सरकार के द्वारा ही बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर जनजातीय गौरव का सम्मान मिला। अभी अनेक कार्य बाकी हैं। गठबंधन के साथी मिलकर झारखंड को सजाएंगे और हर कोने-कोने पर शिक्षा, हरियाली और विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढावा देने की भगवान बिरसा मुंडा के प्रयासों को दूर तक ले कर जाएंगे। श्री राज ने कहा कि प्रधानमंत्री के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए हम सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। राज्य से 13 फूल और एक फल को विजयी बनाकर दिल्ली भेजने के हमारे संकल्प को पूरा करने में पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बेटे ने की पिता की हत्या

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के रतनाग में एक बेटे ने अपने पिता की गोली मार कर हत्या कर दी है। घटना को अंजाम देने के बाद बेटा फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है। बता दें कि पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के रतनाग में कृष्ण सिंह नामक व्यक्ति का अबुआ आवास योजना स्वीकृत हुआ था। आवास को लेकर कृष्ण सिंह के बडे बेटे और छोटे बेटे में विवाद था। कृष्ण सिंह बडे बेटे के पक्ष में था और उसी की जमीन में आवास बनाने की तैयारी कर रहा था, जबकि छोटा बेटा अपनी जमीन में आवास बनाने की जिद कर रहा था।

इसी बात को लेकर कृष्ण सिंह का अपने छोटे बेटे सूरज के साथ विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार इसी विवाद में पिता और बेटे के बीच बहस हुई थी। बहस के दौरान छोटे बेटे ने घर में रखे भरठुआ बंदूक से पिता को गोली मार दी। गोली लगने के बाद पिता कृष्ण सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया है।

छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है और आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल भेज दिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम है।

## संपादकीय

# सवाल.... हमारे संविधान की अहमियत का.... ?

विश्व के सभी प्रजातंत्रीय या लोकतंत्री देश हमारे देश के संविधान की न सिर्फ तारीफ करते हैं, बल्कि अमेरिका जैसे देशों ने तो उसकी नकल भी की है, किंतु आज जब हमारे संविधान को लागू हुए करीब पचहत्तर वर्ष पूरे होने जा रहे है...., इस पर अनेक सवाल उठाए जा रहे है और ये सवाल और कोई नही बल्कि उसी दल के नेता उठा रहे है, जिन्होंने आजादी के बाद से अब तक सर्वाधिक समय सत्ता में रहकर मौजूदा संविधान को जन्म देने का श्रेय लूटा, इसी दल ने सत्ता में रहते अब तक इस संविधान पर एक सौ से अधिक तीर चलाकर इसे शरशैय्या पर पड़े रहने को मजबूर किया है, अपनी मनमर्जी से संविधान को तोड़ने-मरोड़ने वाला दल आज सत्तारूढ़ दल पर संविधान के विपरीत काम करने के आरोप लगा रहा है, आज के मुख्य प्रतिपक्षी दल के वे नेता जिनका जन्म इस संविधान के लागू होने के बाद हुआ और जिन्होंने स्वयं संविधान नही पढ़ा। आज संविधान में मीन-मैख निकाल रहे है।वैसे यह भी एक कटु सत्य है कि अब तक हर सत्तारूढ़ दल ने हमारे संविधान को धार्मिक ग्रंथ रामायण, श्रीमद्भागवत गीता, कुरान और गुरूग्रंथ साहब की तरह लाल कपड़े में लपेट कर रखा और इसका उपयोग सिर्फ और सिर्फ इसे हाथों में लेकर शपथ तक ही सीमित रखा, इसका सही अर्थों में अनुसरण करने का किसी भी सत्ताधारी दल ने प्रयास नही किया, जबकि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आम्बेड़कर ने बड़ी आशा व उम्मीदों के साथ इसकी रचना की थी, किंतु सिर्फ पचहत्तर साल की अवधि में ही हमारे संविधान की अंतिम यात्रा की तैयारी की जा रही है और उसे देश का मार्गदर्शक नहीं मानकर एक धर्मग्रंथ की मानिंद इसका उपयोग किया जा रहा है। हमारे इसी संविधान का अगले साल हीरक जयंति वर्ष है, इस वर्ष को जोर-शोर से मनाने की तैयारी भी की जा रही है, सत्ता और विपक्ष दोनों ही इस दिशा में तैयारी कर रहे है, किंतु मेरी दृष्टि में संविधान की हीरक जयंती मनाने के सही पात्र वे है, जिन्होंने इसकी कायदे से इज्जत कर इसे ईमानदारी से लागू करने और इस पर अपने आपको समर्पित करने का प्रयास किया हो, लेकिन अब तो हमारे इस संविधान को भी राजनीतिक नारा बनाने का प्रयास किया जा रहा है ? क्या संशोधन की शरशैय्या पर पड़े इस संविधान की गति भी द्वापर के महाभारत के भीष्म पितामाह जैसी ही होगी ?

इसी बात को लेकर आज पूरे विश्व के देश भारत का मजाक उड़ा रहे है और आरोप लगाया जा रहा है कि संविधान को भारत के सत्ता में रहने वाले राजनीतिक दलों ने सत्ता-सुरक्षा-हथियार बना रखा है। अब यह आरोप कहा तक सही है, यह तो भारत के आत्मचिंतन के बाद ही पता चलेगा, किंतु यदि इसमें तनिक भी सच्चाई है तो यह हमारे लिए शर्मनाक है, क्योंकि संविधान को हमने हमेशा सत्ता का मार्गदर्शक सिद्धांत माना है और वही मंत्र रहा है।इसलिए अब यह जरूरी हो गया है कि मौजूदा हालातों में हमारे संविधान पर समय व परिस्थिति के अनुसार सही समीक्षा होना चाहिए और विश्व के अलोचक देशों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाना चाहिए तथा अब इतनी देरी से ही सही हमारे संविधान को पूरी निष्ठा-ईमानदारी और सच्चाई के साथ लागू किया जाना चाहिए और यह अपेक्षा मोदी जी के प्रधानमंत्री रहते उनसे ही की जा सकती है ?

# आओ मतदाताओं आओ ,कलींदा खाओ

राकेश अचल

नेताओं के हास्यास्पद बयान सुनकर अब हंसने का मन हो रहा है। खुश रहने के लिए हंसना जरूरी है ,तभी तो शब्द युग्म बना है हंसी-खुशी। हंसी कभी अकेली नहीं रहती । उसे या तो हंसी चाहिए या फिर राजी। राजी-खुशी शब्द युग्म भी रजामंदी से बना लगता है। बना है या नहीं ये तो भाषाविज्ञानी जानें ,हम अज्ञानी तो केवल कयास लगा सकते हैं। और कयास ही लगाते हुए पांच क्या, दस साल गुजार देते हैं कि शायद अच्छे दिन आएं,शायद बैंक खाते में पंद्रह लाख रुपए आएं। शायद मोशा सचमुच सहाय हो जाएँ ! बहरहाल आज मैं नेताओं पर नहीं मतदाताओं पर लिख रहा हूँ। मतदाता भले ही पांच किलो मुफ्त अन्न पर गुजर करता हो,भले ही उसके खाते में लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहन या सीमांत किसान होने के नाते सरकार कुछ न कुछ नगद डालती हो लेकिन उसके हाथ में एक और अनमोल चीज है ,जिसे आम भाषा में वोट कहते हैं। वोट शब्द भले ही अंग्रेजी का हो लेकिन वो हिंदी ,उर्दू, मराठी ,पंजाबी समेत तमाम भाषाओँ में ऐसे घुल-मिल गया है जैसे कि दूध में मिश्री मिल जाती है। मिश्री भी धागे वाली मिश्री। लेकिन हमारा वोटर अन्नदाता न होते हुए भी दाता है। उसे सम्मान से मतदाता कहा जाता है। यानि उसके पास भी ईश्वर की तरह देने के लिए कुछ तो है ! अकेले भीख का कटोरा ही उसकी पहचान नहीं है।

देश में जैसे अन्नदाता फटेहाल है ,पामाल है ,आंदोलनरत है । लाठियां खाता है ,अश्रुगैस पीता है। राह में बिछाए जाने वाले काँटों पर चलता है।

उसके लिए रेड कार्पेट कौन बिछाता है ? यही हाल मतदाता का भी है ।मतदाता के हिस्से में वो सब है जो अन्नदाता के हिस्से में है और किसी भी जनसेवक के हिस्से में नहीं है। दरअसल मतदाता ही अन्नदाता है और अन्नदाता ही मतदाता। दोनों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कर भी दीजिये तो वो वक्त आने पर एक हो जाता है। मतदाता जब हड़ताल करके भी कामयाब नहीं होता तो उदासीन हो जाता है। दान करना भूल जाता है।


इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए मतदान चल रहा है । दो चरण पूरे हो गए हैं ,लेकिन देश के मतदाताओं ने नेताओं को निराश कर दिया है कम मतदान करके ।नेताओं और सरकार को खुश करने कि लिए केंचुआ ने बड़ी कस-बल लगाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया है। लेकिन कैसे बढ़ाया है ये केंचुआ जानता है या उसकी मशीनें। बात हो रही थी कि मतदाता आखिर अपने मत का [ वोट का ] दान करने को लेकर इतना उदासीन क्यों है जबकि उसके लिए हमारी राष्ट्रवादी सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है । यहां तक कि उसने संसद को भी ध्वनिमत से चलकर दिखा दिया। मंदिर बना दिया, प्राण -प्रतिष्ठा करा दी । फोकट में अन्न दे दिया। अब क्या सरकार की जान लेना चाहता है मतदाता ?

कम मतदान से सब परेशान है। सबसे ज्यादा सत्तारूढ़ दल और मोशे की जोड़ी परेशान है। अपनी पार्टी के पार्षदों,विधायकों और मंत्रियों तथा मुख्यमंत्रियों तक को धमका रही है कि यदि तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत न बढ़ा तो उनकी खैर नहीं। कम मतदान को लेकर गनीमत है कि मोशा की जोड़ी ने फिलवक्त मतदाताओं के कान नहीं खींचे। वरना इस जोड़ी का क्या भरोसा ! मतदान न करने पर मतदाताओं की उठ्ठक-बैठक करा दे। मतदान का प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंचुए ने कितना पैसा पानी की तरह बहाया ? जिलों का प्रशासन क्या-क्या ठठकर्म नहीं कर रहा ? बस किराये में छूट, रस्सा खींच प्रतियोगिता,चिड़ियाघरों में आधे दाम पर प्रवेश ,रैलियां ,शपथग्रहण समारोह। सब तो हो रहा है लेकिन मतदाता है कि जागने के लिए तैयार नहीं है जबकि मतदाता को चाहिए कि वो मुक्तहस्त से मतदान करे।

मेरा सुझाव तो ये है कि केंचुआ को आदर्श आचार संहिता को बलाए ताक रखकर मौसम को देखते हुए राजनीतक दलों को ये छूट देना चाहिए कि वे मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने-ले जाने के लिए वातानुकूलित वाहन उपलब्ध करा सके । मतदाताओं को कलींदा,आइसक्रीम खिला सकें। बाल-बच्चों को मुफ्त अन्न की तरह मुफ्त टाफियां बाँट सकें ।सरकार चाहे तो मतदान को आधार कार्ड से भी लिंक करा सकती है और शर्त लगा सकती है कि जो बन्दा मतदान नहीं करेगा उसे कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिलेगी। न फ्री का राशन ,न किसी लाड़ली बहना या लक्ष्मी को फ्री का वायना। आप मानें या न माने देश के मतदाता को फ्री -फंड यानि मुफ्तखोरी की लत लग चुकी है। मतदाता सब कुछ फ्री में चाहता है। बिजली फिर,राशन फ्री,शिक्षा फ्री,घर फ्री। यहना तक की मंगलसूत्र और उसे पहनने वाली भी फ्री। आखिर सरकार ये अब कैसे करे। कर भी दे तो सर्वोच्च न्यायालय का क्या भरोसा कि वो इस फ्रीविज को भी इलेक्टोरल बांड की तरह असंवैधानिक घोषित नहीं करेगी !

मेरा देश के मतदाताओं से अनुरोध है कि वे उदासीनता त्यागें और झूरकर मतदान करें ,यानि शेष पांच भाँवरें ऐसी डालें कि मजा आ जाये । मतदाताओं को ये धारणा भी तोड़ना चाहिए कि अधिक मतदान से ही सत्ता पक्ष को लाभ होता है। या सरकार बरकरार रहती है। ये मिथक है या हकीकत ये तभी पता चलेगा जब अधिक मतदान से देश में सत्ता परिवर्तन हो। परिवर्तन ही प्रगति का आधार है। अब मान लीजिये कि यदि मौसम न बदले तो क्या हो ? इसीलिए यदि एक सरकार दस साल बाद भी न बदले तो क्या होगा ,इसकी कल्पना भी मतदाता को करना चाहिए। हमारे बुजुर्ग कहते थे कि रोटी हो या घोड़े की जीन हमेशा बदलते रहना चाहिए अन्यथा तकलीफ हो सकती है। तो आइये कि इससे पहले की सरकार आपको सूली पर लटकाये या आपके पीछे भी ईडी ,सीबीआई या पुलिस भेजे ,आप घर से निकलिए और जमकर मतदान कीजिये । अपनी पसंद के प्रत्याशी को ,पार्टी को वोट दीजिये और यदि कोई मनमाफिक न हो तो नोटा का बटन दबाइये,लेकिन घर से निकलिए ,अन्यथा लोकतंत्र का नुक्सान होगा ।

# सोशल मीडियाऔर लोकतंत्र



नीरज कृष्ण

**लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका अवसरों और चुनौतियों दोनों की विशेषता है**

डिजिटल युग में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने हमारे संचार करने, जानकारी साझा करने और सामाजिक चर्चा में शामिल होने के तरीके में क्रांति ला दी है। हालाँकि संचार को लोकतांत्रिक बनाने और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक उपकरण के रूप में इसकी सराहना की जाती है, लेकिन लोकतंत्र पर सोशल मीडिया का प्रभाव गहन जांच और बहस का विषय है। जनमत को आकार देने से लेकर राजनीतिक परिदृश्य बदलने तक, इन प्लेटफार्मों का प्रभाव गहरा और बहुआयामी है।

लोकतंत्र में सोशल मीडिया की भूमिका अवसरों और चुनौतियों दोनों की विशेषता है। एक ओर, ये मंच नागरिकों को राजनीतिक चचाओं में भाग लेने, जमीनी स्तर के आंदोलनों को संगठित करने और निर्वाचित अधिकारियों को जवाबदेह बनाने के लिए जगह प्रदान करते हैं। वे अद्वितीय पहुंच और तात्कालिकता प्रदान करते हैं, जिससे व्यक्तियों को अपने दृष्टिकोण साझा करने और वास्तविक समय में सामूहिक कार्रवाई आयोजित करने की अनुमति मिलती है। संचार का यह लोकतंत्रीकरण हाशिये पर पड़ी आवाजों को सशक्त बनाता है और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जीवन शक्ति बढ़ती है।

ऑनलाइन युग में लोकतंत्र के बारे में लोग सामान्यतः दो तरीकों से सोचते हैं। एक तो यह कि इंटरनेट तकनीक मुक्त करती है जिससे वैश्विक लोकतंत्र के नये युग की शुरूआत होती है। दूसरे ठीक इसके विपरीत सोचते है। उनका मानना है कि या तो आप सोशल मीडिया को अपना लो या लोकतंत्र को चुन लो। दोनों एक साथ नहीं हो सकते। दो तरह के सोच में कौन अधिक सही है यह सवाल बड़ा जटिल है। सोशलमीडिया के उपयोग से आम लोगों का राजनीतिक जुड़ाव तो बढ़ा है, लेकिन साथ ही उनमें ध्रुवीकरण औरलोकतान्त्रिक संस्थानों में अविश्वास की प्रवत्ति में भी वृद्धि हुई है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान में दुनिया भर में लोकतंत्र कमजोर होता या सिकुड़ता नजर आ रहा है। दुनिया के स्थिर माने जाने वाले लोकतंत्रों में भी अब उसकी मजबूती पर सवाल खड़े किए जाने लगे हैं। यह भी सच है कि मौजूदा दौर में सोशल मीडिया एक ताकतवर राजनैतिक औजार के रूप में स्थापित हो रहा है और राजनीतिक दल तथा राजनेता नये डिजिटल युग में सोशल मीडिया को अपनी सोच के समर्थकों को एकजुट करने तथा विरोधियों की छवि को नीचे गिराने के लिये धनघोर प्रचार का जरिया बना रहे हैं। सोशल मीडिया के उपयोग से आम लोगों का राजनीतिक जुड़ाव तो बढ़ा है, लेकिन साथ ही उनमें ध्रुवीकरण और लोकतान्त्रिक संस्थानों में अविश्वास की प्रवत्ति में भी वृद्धि हुई है।

डिजिटल कनेक्टिविटी के युग में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सार्वजनिक चर्चा को आकार देने और राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण हो गए हैं। यह धारणा कि सोशल मीडिया पारदर्शिता को बढ़ावा देकर, संचार को सुविधाजनक बनाकर और नागरिकों को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है। हालाँकि, सवाल यह हैः क्या सोशल मीडिया वास्तव में लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत करता है, या क्या यह ऐसी चुनौतियाँ पेश करता है जो उन्हें कमजोर करती हैं ?




सोशल मीडिया नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देकर और हाशिए की आवाजों को सुनने के लिए एक मंच प्रदान करके लोकतंत्र को बढ़ाता है। ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों ने सूचना प्रसार को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे नागरिकों को विविध दृष्टिकोण तक पहुंचने और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा में भाग लेने में सक्षम बनाया गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया सामाजिक आंदोलनों को संगठित करने और विरोध प्रदर्शन आयोजित करने, वैश्विक स्तर पर जमीनी स्तर पर सक्रियता को सुविधाजनक बनाने में सहायक रहा है।

सोशल मीडिया की तात्कालिक प्रकृति सूचनाओं के तेजी से प्रसार की अनुमति देती है, जिससे सरकारों और संस्थानों को वास्तविक समय में जवाबदेह ठहराया जा सकता है। नागरिक सार्वजनिक नीतियों की जांच कर सकते हैं, आधिकारिक आख्यानों को चुनौती दे सकते हैं और अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से पारदर्शिता की मांग कर सकते हैं। इस अर्थ में, सोशल मीडिया एक निगरानीकर्ता के रूप में कार्य करता है, भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर करता है जो अन्यथा किसी का ध्यान नहीं जा सकता है।

इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने राजनीतिक संचार की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे राजनेताओं को सीधे मतदाताओं से जुड़ने और प्रतिक्रिया मांगने की अनुमति मिलती है। यह सीधी बातचीत नागरिकों और उनके निर्वाचित नेताओं के बीच विश्वास को बढ़ावा दे सकती है, जिससे एक अधिक संवेदनशील और जवाबदेह सरकार बन सकती है।

हालाँकि, लोकतंत्र पर सोशल मीडिया का प्रभाव स्पष्ट रूप से सकारात्मक नहीं है। आलोचकों का तर्क है कि सोशल मीडिया ध्रुवीकरण, प्रतिध्वनि कक्ष और गलत सूचना के प्रसार को बढ़ाता है, जिससे लोकतांत्रिक चर्चा कमजोर होती है। उपयोगकर्ता सहभागिता को अधिकतम करने के लिए डिजाइन किए गए एल्गोरिदम अक्सर तथ्यात्मक रिपोर्टिंग पर सनसनीखेज सामग्री को प्राथमिकता देते हैं, जिससे नकली समाचार और साजिश सिद्धांतों का प्रसार होता है।

इसके अलावा, झूठे आख्यानों और लक्षित दुष्प्रचार अभियानों के प्रसार से जनता की राय प्रभावित हो सकती है, मतदाता व्यवहार में हेरफेर हो सकता है और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास कम हो सकता है। विदेशी अभिनेता और दुर्भावनापूर्ण अभिनेता इन मंचों का उपयोग विवाद पैदा करने, चुनावी प्रक्रिया में विश्वास को कम करने और लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा को नष्ट करने के लिए करते हैं।

लोकतंत्र में जन-भागीदारी का महत्व व्यापक रूप से जाना जाता है और और सर्वत्र इसे स्वीकार भी किया जाता है। इसके बावजूद हमें लोकतान्त्रिक व्यवस्था में नागरिकों की समुचित भागीदारी देखने को नहीं मिलती। हमारे देश में, सरकार के कई स्तरों पर नागरिकों की भागीदारी की व्यवस्थाएं हैं। फिर भी हम पाते हैं कि एक तरफ भागीदारी तो सभी चाहते हैं परंतु दूसरी तरफ वास्तविक भागीदारी राजनीति के धुरंधर कुछ चतुर सुजान ही कर पाते हैं। उनकी यह भागीदारी सर्वजनहिताय न होकर उनकी अपनी और उनके अपनों की हो कर रह जाती है। ते नई डिजिटल तकनीक के सर्वव्यापी हो रहे माध्यम सोशल मीडिया का उपयोग अपना प्रभाव जमाने के लिये करते हैं। और रोजगार पाने के लिये डिजिटल तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा उनके प्रयासों को परवान चढ़ने के लिये अपनी सेवाएं देने को तत्पर रहते हों तो क्या आश्चर्य है।

सोशल मीडिया और लोकतंत्र के बीच जटिल अंतरसंबंध को संबोधित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गलत सूचना से निपटने के प्रयासों को मीडिया साक्षरता, तथ्य-जाँच पहल और सामग्री मॉडरेशन प्रथाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्लेटफार्मों को एल्गोरिदम के नैतिक उपयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संरक्षित करते हुए हानिकारक सामग्री के प्रसार को कम करने के उपाय अपनाने चाहिए।


इसके अतिरिक्त, सरकारों, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी कंपनियों को नियामक ढांचे को विकसित करने के लिए सहयोग करना चाहिए जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ नवाचार को संतुलित करता है। इसमें डेटा गोपनीयता बढ़ाने, ऑनलाइन उत्पीड़न से निपटने और एल्गोरिथम जवाबदेही को बढ़ावा देने के उपाय शामिल हैं। डिजिटल साक्षरता शिक्षा को मजबूत करना और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देना भी डिजिटल युग में लचीले लोकतंत्र के निर्माण के आवश्यक घटक हैं।

लोकतंत्र पर सोशल मीडिया का प्रभाव इस बात पर निर्भर है कि हम इन प्लेटफार्मों द्वारा प्रस्तुत अवसरों और चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देकर जो नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है, समावेशी संवाद को बढ़ावा देता है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखता है, हम 21वीं सदी में लोकतंत्र को कमजोर करने के बजाय मजबूत करने के लिए सोशल मीडिया की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सार्वजनिक चर्चा पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं, जिससे उनकी जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर चिंताएं बढ़ जाती हैं। सोशल मीडिया द्वारा प्रदान की गई गुमनामी चरमपंथी आवाजों को बढ़ावा दे सकती है और नफरत भरे भाषण और दुष्प्रचार के प्रसार को सुविधाजनक बना सकती है। कई प्लेटफार्मों पर संपादकीय निरीक्षण की कमी जनता की राय में हेरफेर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता को कमजोर करने की अनुमति देती है, जैसा कि चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप और ऑनलाइन अतिवाद के उदय से पता चलता है।


इसके अलावा, कुछ तकनीकी दिग्गजों के हाथों में सत्ता का संकेंद्रण सोशल मीडिया प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। सार्वजनिक चर्चा पर इन प्लेटफार्मों के अनियंत्रित प्रभाव ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उपयोगकताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अधिक विनियमन और निरीक्षण की मांग को प्रेरित किया है।निष्कर्षतः, लोकतंत्र पर सोशल मीडिया का प्रभाव जटिल और बहुआयामी है। हालाँकि इसमें नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देकर, पारदर्शिता को बढ़ावा देकर और नागरिकों को सशक्त बनाकर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत करने की क्षमता है, लेकिन यह महत्वपूर्ण चुनौतियाँ भी पेश करता है जिनका समाधान किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया के नकारात्मक परिणामों को कम करते हुए इसकी सकारात्मक क्षमता का दोहन करने के लिए, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, दुरुपयोग से बचाव के लिए नियम बनाना और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# संसद के अंगने में गरीबों का क्या काम



सनत जैन

संसद के अंदर साल दर साल करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। चुनाव खर्च भी चुनाव आयोग बढाता जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख तय कर दी है।जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं।लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ना, मध्यम एवं निम्न वर्गीय ईमानदार व्यक्ति के लिये चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता है। लोकसभा में 2004 में 156 सांसद करोड़पति और अरबपति थे। 2009 में यह संख्या बढ़कर 315 हो गई है। 2014 में संख्या बढ़कर 443 हो गई। रही सही कसर 2019 के लोकसभा चुनाव में करोड़पतियों और अरबपति सांसदों की संख्या बढ़कर 475 हो गई। 2024 के लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसमें भी अरबपति और करोड़पति उम्मीदवार बड़ी संख्या में सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा प्रत्येक उम्मीदवार के लिए 95 लाख तय की गई है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के चुनाव खर्च के लिए अलग से खर्च करते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से पूंजीपतियों को टिकट दी जा रही है। राजनीतिक दलों में सामान्य कार्यकर्ता और नेता हैं, उसे राजनीतिक दलों की टिकट नहीं मिलती है। टिकट लेने के लिये पार्टी फंड में दान करने और स्वयं चुनाव खर्च उठाने वाले उम्मीदवारों को पंजीकृत राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पार्टियों द्वारा टिकट दी जाती है। सांसद और विधानसभा के अंदर मध्य और निम्न वर्ग की आवाज उठाने वाला सांसद अथवा विधायक निर्वाचित होकर सदन में नहीं पहुंच रहे है। कुछ इसी तरीके की स्थिति जिला पंचायत, जनपद पंचायत और पार्षद के चुनाव में भी देखने को मिलने लगी है। पंचायत के चुनाव में भी लाखों और करोड़ों रुपए के खर्च होने की बात सामने आती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव लगातार महंगे होते चले जा रहे हैं। चुनाव में जब उम्मीदवार लाखों और करोड़ों रुपए खर्च करते हैं। चुनाव जीतने के बाद फिर वह धंधे तरह खर्च की भरपाई करने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। जिसके कारण जनसेवा भी एक धंधा बन गया है। जिसके फल स्वरुप चुनाव से धीरे-धीरे मध्य और निम्न वर्ग के लोग बाहर होते चले जा रहे हैं। संसद और विधानसभा जहां कानून बनते हैं। वहां केवल करोड़पति और अरबपतियों की संख्या बहुतायत में होने के कारण, निम्न एवं मध्यम वर्ग प्रतिनिधित्व अब सांसद और विधानसभा में करने वाला भी कोई नहीं रहा। पिछले 20 साल में यह स्थिति तेजी के साथ बदली है। पिछले 10 साल में संसद में 204 फीसदी की दर से करोड़पति और अरबपति सांसदों की संख्या बढी है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो कुल 21 फीसदी सांसद ऐसे थे जिनकी संपत्ति एक करोड रुपए से कम थी यदि आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो इनका भी चुना जाना संभव नहीं होता। राजनीतिक दल एसटी और एससी वर्ग के जो उम्मीदवार खड़ा करते हैं। उनके लिए पार्टी फंड से उन्हें चुनाव लड़ाया जाता है। ऐसी स्थिति में वह पार्टी में बंधक के रूप में रहते हैं। वह अपनी बात मुखर होकर पार्टी के अंदर भी नहीं कह पाते हैं। विधानसभा और लोकसभा में विहिप में बंधे होने के कारण उनकी अपनी अलग से कोई आवाज नहीं होती है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ी चिंता का है। 542 सांसदों में से यदि 475 सांसद करोड़पति और अरबपति हैं। शेष 21फीसदी सांसद आरक्षित वर्ग से आते हैं। जिसके कारण लोकसभा और विधानसभा में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, लोकतंत्र के अंगने में गरीबों का क्या काम है।



## दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में महिला एवं कई युवा सामाजिक कार्यकताओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण किये



उज्ज्वल दुनिया

तोपचांची रोड श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत धनबाद नगर निगम के वार्ड - एक अंतर्गत कतरास राजबाड़ी निवासी महिला सामाजिक कार्यकर्ता सीमा देवी, बैजयंती देवी ,संजु कुमारी, एवं तोपचांची प्रखंड अंतर्गत श्री रामपुर निवासी पंचानंद गोप, बड़कीटांड निवासी केदार सिंह, श्यामडीह निवासी सोनु अंसारी, गेंदनावाडीह निवासी सीता राम प्रजापति ने जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थिति में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाली सभी सामाजिक महिला कार्यकर्ता एवं युवाओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी । इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में लगातार महिला सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। महिलाओं की आस्था पार्टी में बढ़ी है। परिणाम स्वरूप पार्टी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मजबूत होती जा रही है। जिसका लाभ पार्टी को लोकसभा चुनाव में होगा।

इस अवसर पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह,जदयू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, वार्ड एक के जदयू नेता मुकेश स्वर्णकार, सपन दूबे, रितिक कुमार, जीतन राम माँझी, शब्बीर अंसारी, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित थे।

# नाम निर्देशन के पांचवें दिन कुल चार ने लिया नामांकन प्रपत्र

- निर्दलीय प्रत्याशी द्वारका प्रसाद लाला, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम, निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध कुमार यादव, रामेश्वर दुसाध एवं सुनीता टुडू ने नामांकन प्रपत्र किया दाखिल

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के पांचवें दिन को नाम निर्देशन के लिए कुल चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जबकि, 05 उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इसमें दो उम्मीदवारों ने दूसरी बार नामांकन किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसंदीय क्षेत्र विजया जाधव ने कहा कि पांचवें दिन कुल चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं,05 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिनका नाम निम्न है: जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी द्वारका प्रसाद, पिता स्व. मोती लाल लाला, गेन्दनावाडीह, पो. तांतरी, प्रखंड तोपचांची, जिला धनबाद । पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम, पिता ठाकुर दास, ग्राम कटनियां, पो. औझाडीह, थाना टुण्डी, जिला धनबाद ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। (दूसरी बार) निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध कुमार यादव, पिता मुरलीधर यादव, ग्राम बेरहासुयाडीह, पो. चालमो बरहमसिया, पीएस डुमरी, जिला गिरिडीह । - (दूसरी बार) निर्दलीय प्रत्याशी रामेश्वर दुसाध, पिता बालकी दुसाध, ग्राम महुआटांड, पो करहरबारी महेशलुण्डी, पीएस गिरिडीह (मु.), जिला गिरिडीह ।

निर्दलीय प्रत्याशी सुनिता टुडू, पति सुनिल कुमार टुडू, सिदुबारटांड, पो. आरजु, पीएस जरीडीह, जिला बोकारो, पार्टी निर्दलीय । नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों के नाम निम्न है ज्ञानेश्वर प्रसाद, पिता गंगाधर प्रसाद, ग्राम सोनाटांड, पो. बीएस सिटी, जिला बोकारो, पार्टी -लोकहित अधिकार पार्टी। उषा देवी, पति आशीष कुमार महतो, ग्राम लालडीह, पो. बलियापुर, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय। जयराम महतो, पिता ललिया महतो, ग्राम जितपुर, पीएस हरिहरपुर, जिला धनबाद, पार्टी झ आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक । पूजा कुमारी, पिता सहदेव महतो, गृह संख्या 81 काली मंदिर, अमलो बस्ती, फुसरो वार्ड संख्या 06, जिला बोकारो,पार्टी झ निर्दलीय । उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 22 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 08 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है.

## चिरकुंडा के सुभाष नगर कचड़ा गोदाम में लगी भीषण आग



उज्ज्वल दुनिया

एग्यारकुंड। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नेहरू रोड स्थित सुभाष नगर में शुक्रवार की संध्या कचरे के गोदाम इन्डज्योति फाईनटेक प्राईवेट लिमिटेड नामक गोदाम में कचड़े में भीषण आग पकड़ने की वजह से ऊंची धुएं का अंबार उठने लगा और शहर में चारों तरफ धुंआ धुंआ फैल गया और अपरा तफरी मच गई। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे व भीषण आग को देखते हुए उन्होने फौरन दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर एसीडीपीओ रजत मनीक बाखला भी पहुंचे।मैथन वि पंचेत से दो दमकल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जानकारी हो कि संध्या करीब 4 बजे के आसपास अचानक शहर में लंबा धुंआ का गुब्बारा उठने लगा और दूर से ही यह गुब्बारा नजर आने लगा इसको देखकर लोग गुब्बारे की तरफ दौड़े तो देखा कि कचरे गोदाम में कचरे की ढेर में आग पकड़ ली है और आग बहुत तेजी से फैल रही है वहीं पर अमन सिंह का कॉरपोरेट ऑफिस भी कचरा गोदाम के ही कैंपस में स्थित था जहां पर ऐसी आदि भी लगा हुआ था तो लोग पानी से आग को बुझाने का कार्य करने लगे इसी बीच दमकल की दो गाड़ी पहुंची वह आग पर काबू पाया। लेकिन दमकल पहुंचने से आग पर कुछ ही क्षण में नियंत्रण पा लिया गया। आग कैसे लगी अभी तक सही रूप से पता नही चल पाया है।कचड़ा गोदाम में लगी आग से लाखों रू का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।चिरकुंडा नगर परिषद बने हुए 15 वर्ष हो गए पर चिरकुंडा नगर परिषद के पास अपना एक भी दमकल नहीं होने के वजह से दमकल पहुंचने में काफी विलंब हो जाता है जिसके कारण आग का दायरा फैल जाता है और चिरकुंडा नगर परिषद के पास सभी मशीनरिया है पर आग बुझाने वाला दमकल की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है।

## रोटरी क्लब चास द्वारा डॉ राधाकृष्णन बीएड महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन




बोकारो : रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की स्वस्थ रहने के लिए नियमित स्वास्थ्य की जांच बेहद आवश्यक है। महाविद्यालय के सचिव बिनय सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। डॉ एसपी वर्मा और डॉ निशांत कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नियमित एवं निरंतर स्वास्थ जांच के लिए प्रेरित किया। डॉ वर्मा ने कहा कि छात्रों को युवा अवस्था में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। डॉ वर्मा ने जंक फूड खाने से बचने की सलाह छात्रों को दी जिससे वे मोटापा से बच सके। उन्होंने फलों का उपयोग अधिक से अधिक करने की सलाह दी। डॉ वर्मा ने कहा कि मोटापा आज विश्व की सबसे बड़ी बीमारी है। डॉ वर्मा ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से की कई बीमारियों का समय पर पता चल जाता है, और समय पर उनका इलाज संभव है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गायत्री कुमारी ने कहां की आधुनिक युग में बाहर खाने का प्रचलन बढ़ गया है, जिसके कारण बीमारियां बढ़ गई है। चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चला रखा है। स्वास्थ्य शिविर में मुकेश अग्रवाल धनेश बंका, माधुरी सिंह,नरेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, प्रेम शंकर, सुबिनय डे, नवकांत कुमार, डॉ चायना डे, एवं महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे.

## डीएवी-6 के नन्हे-मुन्ने ने ऑनलाइन आम बनकर मनाया मैंगो डे

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के अतंर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने काफी उत्साहित होकर ऑनलाइन ह्लमैंगो डेह्व प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें श्रद्धानंद, दयानन्द, हंसराज विवेकानन्द के बच्चों ने हरे और पीले मैंगो के रूप में तैयार होकर हिंदी व अंग्रेजी में कविता वाचन किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने बच्चों द्वारे ऑनलाइन माध्यम से मैंगो डे सेलिब्रेशन की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि इस तरह के एक्टिविटी में भाग लेने से बच्चों में उच्चारण संबंधी दोष का निवारण होगा, उनके लैंग्वेज स्कील का भी विकास होगा । मौके पर शिक्षिका भावना घले ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के आम के बारे में उनके द्वारा बनाए व्यंजन के बारे में आम उत्पादन के लिए खास मौसम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अराधना कुमारी ने किया ।

इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से अभिनंदन सिन्हा, अर्नव मिश्रा, रोशन राज, सृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, विद्यांशु कुमार, विवेक उरांव, निखिल सिंह, मेवान कुमार, जतिन कुमार व कक्षा यूकेजी से आरव, आरोही, अखिल, आकृति, अनु, अंश कुमार, दक्षिता, दिशांत, हर्ष पलक, परिधि, राजवीर रौनक रिधिमा रिहान रोनित, निरंजन, साहिल कुमार सक्षम, शानवी मिश्रा, शिवांश कुमार, श्रेया , श्रेयस कुमार, सोनम कुमारी, यश, श्रीशैली, युग, वेद ने भाग लिया ।इस कार्यक्रम में भावना घले, अराधना कुमारी, सीमा मिश्रा ने पूरा सहयोग किया.

## राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए गैरसरकारी संगठनों ने उठाई मांग

- बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में उठाए जाएं सख्त कदम
- बाल विवाह को रोकने में विफलता पर मुखिया व सरपंचों पर कानूनी कार्रवाई होगी

उज्ज्वल दुनिया




जैनामोड़ : जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई करते हुए जारी किया गया आदेश के अंतर्गत बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान हाई कोर्ट ने सख्त कानून बनाया । पूरे देश में इस तरह की कानून व्यवस्था कायम करने की मांग झारखंड में की जाने लगी है । जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि झारखंड और बिहार जैसे पिछड़े राज्य में बाल विवाह की रस्म अदायगी का मामला तेजी से सामने आ रही है । जनसंख्या अनियंत्रित हो गई है । कम उम्र में विवाह के बाद नवालिग की जिंदगी बर्बाद हो जाता है । ऐसी जिंदगी को बचाने के लिए बाल विवाह पर रोक लगाना जरूरी है । बाल विवाह की रोक लगाने से संबंधित कानून राजस्थान सरकार ने बनाकर अबोध जिंदगी को बचाने का काम किया है । न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा, ह्लसभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए । जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, ह्लबाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है । बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुव्यार्पार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं .

### इंटर डिपाटर्मेंट एवं ओपन बॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उम्दा प्रदर्शन

गुवा। सेल गुवा की मेजबानी में गुवा क्लब परिसर के समक्ष मैदान में वॉलीबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।आयोजित प्रतियोगिता खेल टीम के अध्यक्ष सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर, खेल टीम सचिव सेल गुवा महाप्रबंधक संजय कुमार बनर्जी एवं खेल टीम संयुक्त सचिव उप महाप्रबंधक अजय कुमार की अध्यक्षता एवं निगरानी में संचालित किया गया ।इंटर डिपामेंट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेल गुवा मैकेनिक टीम विजेता रही तथा सेल गुआ ओएचपी प्लांट टीम रनर रही । ओपन बॉलीबाल प्रतियोगिता में आस -पास के माइंस क्षेत्र की 8 टीमों ने शिरकत कर उम्दा प्रदर्शन किया ।क्षेत्रीय माइंस की आठ टीमों में सेल गुवा,सेल बोलनी, सेल किरीबुरु, सेल मेघाहातुबुरु, सेरंडा, जोड़ा एवं ठाकुरा गाँव की टीमों के खिलाड़ियों ने रोमांचकारी प्रदर्शन दिखाया ।

## भाकपा नेता अतुल कुमार अंजान का निधन पर बोकारो थर्मल में शोक



उज्ज्वल दुनिया

बोकारो थर्मल : भाकपा के राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महा सचिव कॉ अतुल कुमार अंजान के निधन पर भाकपा बेरमो अंचल परिषद के सचिव ब्रज किशोर सिंह , मो शाहजहाँ, जानकी महतो, रामेश्वर साव,अशीम तिवारी,मनिरुदीन, नवीन कुमार पाठक, राज किशोर प्रसाद सिंह, शिवराम शर्मा, सत्यजीत राय , पपू शर्मा आदि ने गहरा शोक किया है । ब्रज किशोर सिंह ने कहा कॉम अंजान ने अपने राजनीतक जीवन की शुरूआत 1977 में आपातकाल के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय से की थी जहाँ वाए छात्रसंघ के अधय्क्ष चुने गये थे । बेवाक वक्ता होने के करण5 राष्ट्रीय राजनीति के साथ साथ वामपंथी राजनीति में भी उनकी एक अलग पहचान थी । 70 वर्षीय कॉम अंजान पिछले चार-पाँच माह से बिमार चल रहे थे लखनऊ के एक अस्पताल मे भर्ती थे जहाँ उन्होनें अन्तिम सांस ली । वर्तमान राजनीतिक हालात में कॉम अंजान का नहीं रहना किसान आन्दोलन ही बल्कि देश की राजनीति के लिये भारी क्षति है । देश के किसानों के हक और अधिकार की लडाई मे हमेशा अग्रिम पंक्ति मे खड़े रहते थे । हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर संगठन को आगे बढ़ाने की जरुरत है यही उनके प्रती सच्ची श्रद्धांजलि होगी । वही सीपीएम ने भी भाकपा राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का निधन पर शोक जाहिर किया है एवम इसे भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति कहा है। सीपीएम के बोकारो जिला सचिव सह राज्य कमिटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने कही। उन्होंनें कहा कामरेड अतुल एक जनआवाज तथा बेबाक वक्ता थे उनकी आवाज कमी कमी खलती रहेगी . उन्होंनें सीपीएम जिला कमिटी की ओर से श्रद्धांजली व्यक्त की .

## खनन विभाग ने एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन करते हुए पकड़ा, थाने को किया सुपुर्द



बोकारो : खनन विभाग द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाकर खनन माफियाओं के विरुद्ध एक अभियान छेड़ी हुई है। इसी क्रम में गोमिया अंचल अंतर्गत महुआतांड थाना के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन के रोकथाम हेतु छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे कानीडीह स्थित दामोदर बालू घाट से एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन करते हुए पकड़ा गया। जिसे जप्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना लाया गया एवम सम्बन्धित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, जितेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी, रंजीत कुमार एवम पुलिस बल मोजूद थेथे.

## हर एक जरूरतमंद लोगों के लिए छोटे-छोटे मदद करके मानव धर्म निभा रही है हमारी संस्था शीतल दत्ता



बलियापुर झहरिओम सेवा संस्था के द्वारा लड़की के शादी में 4000 का एक छोटा सा राशि देकर सहयोग करने का प्रयास किया गया आपको बता दे की आमटाल के दिलीप गोराई जो की बहुत ही सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति हैं उनके पुत्री के विवाह में संस्था से कुछ सहयोग राशि की मांग की गई थी '

इसी को देखते हुए संस्था के संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभास पाल ,सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, विनोद सिंह ,मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता,सचिव हारु बावरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान ,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, भोला चक्रवर्ती, बबलू बावरी मुकेश महतो आदि के द्वारा इस कार्य में आगे आकर मदद करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया ' इस नेक कार्य के लिए विजय दत्ता,गोविंद बावरी, राणा प्रताप सिंह संजय राउत,रॉकी चटर्जी, सुधीर चटर्जी, संचिता साहा,अमित , विजय रजक,रंजीत महतो,अनिल, आमोद,चंदन,अविनाश ,रंजीत ,पिंटू , दिनेश वरुण ,अभय आदि सदस्यों ने संस्था के सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए बहुत सारा बधाई और धन्यवाद दिए '

## एनडीए प्रत्याशी सी पी सिंह ही एकमात्र विकल्प : सदानंद महतो

- आजसू पार्टी ने किया विभिन्न गांव का दौरा



धनबाद: तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को किया गया। इसके तहत करमाटांड़, भंवरदाहा तथा साहूबहियार में पंचायत प्रभारी तथा ग्राम प्रभारी की संयुक्त बैठक की गई ।जिसमें आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो भी मौजूद थें ।बैठक में सदानंद महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी एकमात्र विकल्प है। देश को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मजबूत प्रधानमंत्री बनने के लिए एनडीए को मतदान करें। आजसू पार्टी झारखंड के सभी क्षेत्रीय मुद्दों के साथ राष्ट्रीय आदि मौजूद थें।

## सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर जयप्रकाश स्वर्णकार एवं कमला देवी की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ मनाया गया

उज्ज्वल दुनिया

टुंडी प्रखंड के सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर जयप्रकाश स्वर्णकार एवं कमला देवी की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ।

टुंडी : टुंडी प्रखंड मुख्यालय मार्ग स्थित स्वर्णकार टोला निवासी जयप्रकाश स्वर्णकार एवं कमला देवी के वैवाहिक जीवन की 50 वीं वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उनके तीनों पुत्र एवं पोते पोतियों की विशेष आग्रह पर स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं।

टुंडी के स्वर्णकार टोला निवासी कमला देवी एवं जयप्रकाश स्वर्णकार का वैवाहिक जीवन के 50 वे वर्षगांठ / सालगिरह मनाने का निर्णय लिया है। इस शुभ अवसर पर उक्त तिथि को संध्या 7:00 बजे से ही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कुछ दिनों से व्यस्त रहे परन्तु आज संध्या बेला से ही परिजनों के अलावा कुछ नजदीकी कुटुम्ब एवं मित्रगण व्यस्त देखें गये । बताते चलें की जयप्रकाश स्वर्णकार एवम् कमला देवी क्षेत्र में पहले युगलबंदी हुए जो 50 वे सालगिरह में प्रवेश करने पर वर्षगांठ की कार्यक्रम किये जा रहे हैं। ईश्वर की कृपादृष्टि जयप्रकाश एवं उनकी अर्द्धांगिनी कमला देवी पर सदा बनी रहे और यह दिवस बार - बार आवें यही ईश्वर से कामना है।

कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया है । उक्त अवसर पर उन्होंने संबन्धित हित कुटुंम्वादि को सपरिवार प्रीतिभोज में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। इस आयोजन में टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र से बहुत सारे शिक्षाविद, समाजसेवी, प्रतिष्ठित एवं समाजसेवी हुए उपस्थित।

कार्यक्रम स्वर्णकार टोला (प्रखण्ड मुख्यालय मार्ग) टुंडी, धनबाद में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के स्वागतकांक्षी हुए ज्येष्ठ सुपुत्र प्रदीप कुमार स्वर्णकार (सृष्टि ज्वेलर्स के संचालक), द्वितीय सुपुत्र दीपक कुमार स्वर्णकार (सोनी स्टुडियो+जेरोक्स सेंटर) तथा कनिष्ठ सुपुत्र अनूप कुमार स्वर्णकार उर्फ बिल्लू (सोनी फैशन, वस्त्रालय के संचालक) तथा पुत्रवधू के साथ ही साथ पोते एवं पोतियां, सृष्टि वर्मा, श्लोक वर्मा, आर्यन वर्मा एवं समस्त स्वर्णकार परिवार।

## डीवीसी चंदपुरा मे कार्यालय कार्य शत – प्रतिशत हिंदी में ही करें : मनोज कुमार ठाकुर



उज्ज्वल दुनिया

बोकारो (चंद्रपुरा) : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र मे शत प्रतिशत हिंदी में ही कार्यालय कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में इस बावत राजभाषा नोडल अधिकारियों और सभी विभाग के अध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने की । बैठक को संबोधित करते हुए ठाकुर ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे सभी कार्यालय कार्यों का निपटारा हिंदी में हीं करें। हिंदी पत्रों का जवाब हिंदी में ही देने, मूल पत्राचार के अधीन और भेजें जाने वाले पत्र हिंदी में भेजा जाना सुनिश्चित करने , ई ऑफिस में नोटिंग हिंदी में प्रस्तुत करने , सर्विस बुक और नोट शीट में किया जाने वाला नोटिंग हिंदी में ही करने, कुल पुस्तक का खरीद का 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद किए जाने , सभी नोडल पदाधिकारी व सदस्य अपने विभाग से निर्गत होने वाले सभी प्रकार के आदेश हिंदी में निर्गत करने, हिंदी पत्र तथा अपनी ओर से भेजे जाने वाले पत्रों की एक प्रति राजभाषा निरीक्षण व संसदीय समिति के निरीक्षण हेतु गार्ड फाइल में रखे जाने के अलावा सभी रबर मोहरे , नाम पट्ट , सूचना पट्ट, दो भाषा में बनाए जाने आदि पर चर्चा की गई । कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी रवि सिंहा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह, उप महाप्रबंधक राजीव रंजन ओझा, संजीव कुमार, दिलीप कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, श्वेता रानी , मुकेश कुमार, अजय कुमार, प्रतिमा खालको श्रीवत्स, सुनीता कमारी, संजीव कुमार ,अक्षय कुमार , आर के निराला , प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, वसंत कुमार महापात्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, बलदेव राम , रामजी रजक आदि उपस्थित थे.

## फैमिली रेस्टोरेंट मैं आजसू पार्टी का एक बैठक आयोजन किया गया है



टुंडी : टुंडी प्रखण्ड स्थित फैमिली रेस्टोरेंट मैं शुक्रवार को आजसू पार्टी का एक बैठक आयोजन किया गया है जिसमें विकसित भारत - विकसित गिरिडीह के संकल्प के साथ 6 मई 2024 को मैं गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी का नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में जाने का निर्णय लिया गया इस बैठक में आजसु टुंडी प्रखंड कमेटी के सभी पंचायत प्रभारियों को दायित्व दिया गया की अपने अपने पंचायत से कार्यकर्ताओ को बोकारो ले जाना है मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रामचन्द्र राणा, कार्यकारी अध्यक्ष सोनु मण्डल, उपाध्यक्ष मिथुन मण्डल, केन्द्रीय सदस्य दिनेश राय, भजन साव, दुलाल प्रमाणिक, दुलाल दे, परितोष चौधरी, शिवम जायसवाल समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे

## बीडीओ राजीव कुमार ने मतदाता जागरूकता को लेकर दिया प्रशिक्षण

चंदनकियारी : बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड के मतदाता जागरूकता को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदनकियारी राजीव कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं संबंधित सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बीडीओ ने मतदान से पूर्व एवं मतदान के दिन अपनाए जाने वाले सभी गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया। जिसमे मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं, मतदान पदाधिकारियों को खाने -पीने की व्यवस्था, सभी मतदाताओं को मतदाता मार्गदर्शिका, मतदाता पर्ची वितरण से संबंधित निर्देश दिया गया। साथ ही 7 मई को निर्धारित सोशल मीडिया कैंपेन को लेकर आवश्यक दिसा निर्देश दिया.

# सरकारी आदेश की अवहेलना, केजी से 8वीं तक के कक्षा का संचालन जारी

## संत एथोंनी मध्य विद्यालय तिलकमारन और ब्रिलिएंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो में पठन - पाठन जारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**तिसरी प्रतिनिधि।** झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रचण्ड गर्मी और लू से छात्रों पर पढने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए केजी से 8वीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन सरकार के इस आदेश की अवहेलना कर कुछ निजी व सहायता प्राप्त विद्यालय मनमानी करने से भी परहेज नहीं कर रहें हैं। जी हाँ मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के संत एथोंनी मध्य विद्यालय तिलकीमारन और बेलवाना पंचायत के ब्रिलियंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो का है। इन दोनों विद्यालयों में सरकारी आदेश को ठेंगा दिखलाकर इस प्रचण्ड गर्मी में भी कक्षा 8वीं तक के बच्चों का पठन पाठन जारी रखा गया है। शुक्रवार की सुबह स्थानीय मिडियाकर्मी ने यूनिफॉर्म और बस्ते के साथ मनसाडीह मुख्य सडक से गुजर रहे दर्जनों बच्चों को देखा। बच्चों से पूछने पर बताया गया कि वे सभी संत एथोंनी मध्य विद्यालय ( मिशन ) तिलकमारन जा रहें हैं। उनमें से कोई कक्षा 2,3 या कक्षा 5 के छात्र थे।कक्षा 2 की छात्रा संगीता कुमारी ने बताया कि 10 बजे तक




विद्यालय में पठन - पाठन का कार्य होता है।वहीं 5वीं कक्षा की छात्रा मैरी हेमब्रम ने बताया कि उनलोगों को छुटी नहीं मिली है,प्रतिदिन 7 से 10 बजे तक विद्यालय चलता है। इस संबंध में जब संत एथोंनी मध्य विद्यालय के प्राचार्य जेम्स से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभिभावकों के दबाव में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मिडियाकर्मियों को संचालित कक्षा का फुटेज लेने से रोक दिया साथ ही कैमरे के सामने खुद भी कुछ बोलने से इंकार कर दिया।

वहीं गोलगो के ब्रिलिएंट पब्लिक हाई स्कूल में भी 8 वीं तक के बच्चों का पठन - पाठन जारी रहा।

इस पूछे जाने पर विद्यालय के प्राचार्य रंजन कुमार सिंह ने बताया कि कोचिंग की तरह विद्यालय में पठन - पाठन करवाया जा रहा है। उन्होंने 8॰30 बजे यह कहा कि विद्यालय में 8 बजे छुटी हो जाती है। वहीं इस विद्यालय में पढ़ने वाले 5वीं कक्षा के छात्र के अभिभावक मो.गुलाम जिलानी ने बताया कि उनका पुत्र रोजाना सुबह विद्यालय जाता है और 10 बजे विद्यालय में छुटी होने पर वह वापस घर आता है।

विदित हो कि अत्यधिक गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा 30 अप्रैल से राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी,गैर सरकारी,सहायता प्राप्त,गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) व सभी निजी विद्यालय में केजी से आठवीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तकस्थगित की गई है।ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इन विद्यालयों के संचालक या तो मनमौजी हैं या सरकारी आदेश को चैलेंज कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में तिसरी के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि सभी सरकारी व यू डाइस कोड प्राप्त विद्यालयों को विभाग द्वारा जारी आदेश की सूचना दी गई है।

# जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज में संस्कार फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता किया गया




**डुमरी॰** डुमरी प्रखंड के उत्तराखंड में स्थित जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज मंझलाडीह में शुक्रवार को संस्कार फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया वहीं इस दौरान चुनाव सम्बन्धी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।कॉलेज प्राचार्य महेन्द्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता कुल 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्राचार्य ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वच्छ व निष्पक्ष मतदान आवश्यक है!हम सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को भी प्रेरित करनी चाहिए।मतदान बिना किसी के दबाब,भय या लालच के करना चाहिए। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान राधा कुमारी व वशीम अंसारी तथा द्वितीय स्थान अनीता कुमारी ने प्राप्त किया,तीनों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव अमित वर्मा,संतोष सिंह,योगेंद्र साव,यमुना महतो,अनिल मंडल विजय पाण्डेय,संतोष प्रसाद,खेमलाल महतो,महेश गोस्वामी,आशीष पाठक सहित कॉलेज के सभी कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।.

# छात्रों को स्कूल की बेहतरी के लिए एकीकृत उत्साह के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया: बासब चौधरी

**गिरिडीह अमित सहाय :** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल, गिरिडीह ने अपने इंटर हाउस प्रतियोगिताओं, डीएवी स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता के लिए उत्सुकता से पुरस्कार वितरण समारोह की मेजबानी की, साथ ही उत्कृष्टता को स्वीकार किया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बासब चौधरी महाप्रबंधक विशिष्ट अतिथि विजय मिश्रा राज्यकर पदाधिकारी एवं विद्यालय के पूर्व छात्र दीपक कुमार पब्लिक रिलेसन डाक विभाग गिरिडीह के अन्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय के सुदीप कुमार यादव ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित झारखण्ड राज्य स्तरीय पत्र- लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें 25000 रुपये के



नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक और प्रतिभाशाली, कुमार सौरभ, जो हमारे स्कूल के पूर्व छात्र हैं, भारत सरकार में जीएसटी इंस्पेक्टर बन गए हैं। मंच जीवंत हो उठा जब विजेताओं को उनके योग्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक-एक करके बुलाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ओपी गोयल ने कहा कि शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरे द्वार खोलने की कुंजी है।

मुख्य अतिथि बासब चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी और जिम्मेदारियों को निभाते समय विनम्र रहने की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्रों को स्कूल की बेहतरी के लिए एकीकृत उत्साह के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।.

# रोटरी ने ग्रामीण क्षेत्र की 6 युवतियों के बीच किया सिलाई मशीन का वितरण

## पदाधिकारियों ने कहा युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना रोटरी का उद्देश्य



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से शुक्रवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल भवन में संचालित सहेली सेंटर में ग्रामीण क्षेत्र से आई 6 लडकियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। उक्त लडकियों का चयन सहेली प्रोजेक्ट के तहत चयन किया गया था।

मौके पर रोटरी के पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी गिरिडीह द्वारा संचालित सहेली सिलाई सेंटर में लडकियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आस पास के ग्रामीण इलाके से चयनीत 6 लडकियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया है, ताकि वे घर पर ही सिलाई का काम कर आत्मनिर्भर बन सकें।

सिलाई मशीन वितरण के दौरान सहेली प्रोजेक्ट के चैयरमेन प्रकाश दत्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष तरवे, सचिव अशीष तरवे, तरणजीत सिंह, सिद्धार्थ जैन, राजेश जालान, डाम् आजाद, मीडिया प्रभारी विकास बसईवाला उपस्थित थे।.

# कुशवाहा संघ गिरिडीह द्वारा गर्मी को देखते हुए पानी शर्बत बांटा जा रहा है।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** कुशवाहा संघ जिला अध्यक्ष इंद्रणरायण वर्मा एवं समाज सेवी मनोज वर्मा (जिला परिषद अध्यक्ष के देवर) तत्वाधान द्वारा शुक्रवार से स्व. रितलाल वर्मा चौक (जिला परिषद कार्यालय) के समिप गिरिडीह में बढ़ते गर्मी को ध्यान में रखते हुए मध्यनजर ठंडा पानी एवं शर्बत की व्यवस्था किया गया जो लम्बे समय तक चलेगा इसमें कुशवाहा समाज के समाजसेवी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है, यह कार्यक्रम प्रतिदिन सुचारू रूप से जारी करेगा, यह जानकारी कुशवाहा संघ जिला अध्यक्ष इंद्रणरायण वर्मा जी ने मिडिया को बताया कि अधिक गर्मी के वजह से लू लगने का सम्भावना




बढ़ जाती है और दूर दराज से आए लोगों के पास इतना पैसा नहीं होता की वह पानी के बोतल खरीद सके, गिरिडीह में मजदूरी करने जो आते हैं वह पानी के तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं यहां तक कि सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाज कर रहे अभिभावक एवं कोर्ट कचहरी परिसर आये व्यक्ति के साथ राहगीर को इससे काफी लाभ मिल रहा है, लोगों ने इसे सर्हनिय कार्य बताया मौके पर डॉ कुलदीप नारायण, मुन्ना कुशवाहा, पवन वर्मा, बेजू बेजनाथ वर्मा, महेन्द्र वर्मा इत्यादि तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस कप्तान के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया

## सीसीएल कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया



**गिरिडीह :** जिले में जगहङ्कजगह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकडा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. यह स्वीप कार्यक्रम के तहत पोलिंग प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर हो रहा है. जो कि अलग अलग स्थानों पर चल रहा है. शुक्रवार को पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया.

जहां सीसीएल कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया. इस दौरान पुलिस कप्तान ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करे. साथ ही कहा कि अपनी वोट स्वयं दे. वहीं मतदान को लेकर उपस्थित कर्मियों को शपथ भी दिलाया गया.।

# गांडेय उपचुनाव में एनडीए को लगा झटका, आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा ने किया नामांकन

## आजसू से इस्तीफा देने की कही बात, भाजपा पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में शुक्रवार को एनडीए गठबंधन को उस वक्त झटका लगा जब आजसू के केन्द्रीय सचिव रहे अर्जुन बैठा अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा भरा। उन्होंने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इस दौरान समर्थकों ने उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी की।



नामांकन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए अर्जुन बैठा ने कहा कि वो आजसू से इस्तीफा दे चुके है। इतना ही नहीं उनके साथ पूरे गांडेय विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं ने आजसू से इस्तीफा दिया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर खुद के उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा की आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनका अंतिम बैठक हुआ। जिसमें आजसू प्रमुख ने 2024 के आने वाले चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया, लेकिन वो भाजपा से मिल रहे उपेक्षा के कारण घुटन महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्होंने खुद और गांडेय से आजसू की पूरी टीम ने इस्तीफा देकर चुनाव लडने का एलान किया। कहा कि जब चुनाव लडने का निर्णय लिए है तो एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज कराना ही उनकी प्राथमिकता में है।

# एक-नजर

## आदर्श आचार संहिता की उडाई जा रही है धज्जियाँ धडल्ले से काटे जा रहे हैं हरे पेड

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखण्ड में इन दिनों आदर्श आचार संहिता की जमकर धज्जियाँ उडाई जा रही है । लगातार बिरनी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाके जैसे पेशम,चोंगाखार,गादी,खरखरी,माखमरगो,कपिलो,दलांगी आदि स्थानों से लगातार हरे पेडों की कटाई की जा रही है । हरे पेडों की कटाई में बिरनी प्रखण्ड के दर्जनों लोग इस ब्यवसाय से जुड हुए हैं । हरे पेड की कटाई कर बंगाल,यूपी आदि अन्य राज्यों में ट्रकों से भेजा जा रहा है ।बतादें की पर्यावरण को संतुलित करने के लिए वन विभग प्रति वर्ष लाखो पेड लगा रहा है इसके बाद भी विभागीय अधिकारी की मिली भगत से लकडी माफिया के द्वारा हरे पेड को काट कर दूसरे राज्य को सप्लाय किया जा रहा है जो विभागीय अधिकारियो का नाकामी को दरसाता है।इस सम्बंध में पूछे जाने पर बिरनी अंचलाधिकारी सारांश जैन ने मोबाइल रिशिव नही किया।.

## टहलने निकले एक ही परिवार के 4 लोगों को टेम्पू ने मारा जोरदार टक्कर

**डुमरी॰** निमियाघाट थाना क्षेत्र के निमियाघाट स्टेशन सड़क के तलाब के समीप 02 मई की देर शाम टहलने निकले एक ही परिवार के 4 लोगों को टेम्पू ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे चारो गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गयी जबकि तीन को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया।टेम्पू चालक नशे में घुत था जिसे लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।घटना के संबंध में बताया जाता है कि निमियाघाट निवासी चुटारी महतो की पत्नी शांति देवी,मालती कुमारी 17 पिता चुटारी महंतो,स्व सोनु महतो की पत्नी आरती देवी 25 एवं पुत्र हिमांशु कुमार शाम को शाम को टहल रहे हैं इसी क्रम में नशे में धुत टेम्पू चालक अशोक तुरी अनियंत्रित होकर पैदल चल रहे लोगों को अपने चपेट में ले लिया वहीं इलाज के दौरान शांति देवी की मौत रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई जबकि अन्य क्षेत्र धनबाद रेफर कर दिया गया।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त,सी ओ के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**गावां :** गावां पुलिस ने शुक्रवार को अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है ।पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को गावां थाना परिसर ले आयी है । गावां सी ओ अविनाश रंजन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।गावां नदी से बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है ।यहां बता दें कि गावां प्रखंड के नदियों से गावां , तिसरी व धनवार प्रखंड के दर्जनों ट्रैक्टरों द्वारा हर दिन अवैध रूप से बालू उठाव किया जाता है । उसे अधिक राशी पर बेचा जाता है। इधर गावां सीओ को लगातार इसकी शिकायत मिल रही थी। की गांवा नदी से प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रैक्टरों का बालू उठाव किया जाता है,सी ओ के निर्देश के बाद गावां पुलिस ने यह कार्रवाई की है।इस सम्बंध में सी ओ अविनाश रंजन ने कहा कि अवैध बालू उठाव पर यह कार्रवाई आगे भी की जाएगी ।इधर इस कार्रवाई से नदियों से अवैध बालू उठाव करने वाले लोगों में हडकंप मचा हुवा है ।

## द्वारपहरी से मोटरसाइकिल हुई चोरी, मामला पहुचा भरकट्टा ओपी

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के द्वारपहरी गाँव मे मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है।।जानकारी के अनुसार बता दे कि द्वारपहरी गाँव निवासी अशोक मण्डल पिता शनिचर मण्डल का मोटरसाइकिल चोरी हुई है।।घटना के संबंध में बताया जाता है कि द्वारपहरी गाँव के एसके पोल्ट्री दुकान के पास से चोरी हुई।। मोटरसाइकिल संख्या जे एच ग्यारह एडी 9888 है।।

अशोक मण्डल ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।। जिसके बाद भरकट्टा ओपी में आवेदन देकर मोटरसाइकिल की खोजबीन कर चोरी किये हुए अज्ञात लोग पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।।

## एसडीओ के नेतृत्व में कैंडल मार्च के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गिरिडीह :** 05 कोडरमा/06 गिरिडीह लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को झंडा मैदान से अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विसुत्ते के नेतृत्व में कैंडल जलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करना है तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लोगों की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। यह कैंडल मार्च झंडा मैदान से मोहनपुर होते हुए फॉरेस्ट विभाग जाकर खत्म हुआ। स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित इस कैंडल मार्च में युवा मतदाताओं/वृद्ध मतदाता के साथ साथ महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की।

मौके पर उपस्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विसुत्ते ने प्रेस बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के आज कैंडल मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग हर हाल में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी को वोट करना चाहिए। लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक का सहयोग आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में लोगो को मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है।

इसके अलावा जिला मुख्यालय के साथ साथ विभिन्न प्रखंडों में भी मतदाता जागरूकता को लेकर कैंडल मार्च किया गया। और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## भाजपा को छोड़ झामुमो का थामा दामन

**बेंगाबाद॰** कल्पना सोरेन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारा लगाते हुए गोलगो पंचायत के भंवरडीह निवासी कामदेव पांडे ने शुक्रवार को गोलगो पंचायत में भाजपा को छोड़कर अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। इस मौके पर कल्पना सोरेन के अलावे राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद कल्याण मंत्री हफीजुल हसन झामुमो के मीना देवी कार्मिला टुडू नुनुराम किस्कू राजेश दास के अलावे पार्टी के कई कद्दावर नेता मौजूद थे। पांडे ने कहा कि कल्पना सोरेन की बातों में सच्चाई झलकती है। गरीबों की सरकार झामुमो (गठबंधन) की सरकार ही हो सकती है उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन की जीत ऐतिहासिक होगी।

## 10वीं व 12वीं में प्लस टू नवडीहा विद्यालय के बच्चों ने वोकेशनल सब्जेक्ट में बेहतर प्रदर्शन किया

**गिरिडीह :** जमुआ प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय नवडीहा के छात्रों ने 10वीं एवं 12वीं में वोकेशनल सब्जेक्ट एग्रीकल्चर और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर में बेहतर प्रदर्शन किया.10 वी के सुनीता कुमारी 481 नंबर लाकर जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया और वही वोकेशनल सब्जेक्ट इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर में 100 नम्बर लाई वहीं सुषमा कुमारी 477 नंबर लाकर जिला में पांचवा स्थान लाइ वहीं वोकेशनल सब्जेक्ट एग्रीकल्चर में 100 नंबर लाई वहीं इंटरमीडिएट कला में स्कूल टॉपर साक्षी प्रिया 350 नंबर वोकेशनल सब्जेक्ट एग्रीकल्चर में 90 लाई ।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लाखों की लागत से बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना




उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखरः- सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भले ही बड़े बड़े वादे करते हो लेकिन धरातल पर सरकार के जिम्मेदार की मिलीभगत से सरकार को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। जहां कनीय अभियंता और संवेदक के बीच मिलीभगत हो जाए तो वहां निर्माण कार्य का भगवान ही मालिक होता है जिसका जीता जागता उदाहरण लाखों की लागत से निर्माण की गई बरहरवा प्रखंड अंतर्गत पीडब्ल्यूडी पथ पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ से पथरिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इस बात को प्रमाणित कर रही है।

यहां संवेदक पर सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री से घटिया सड़क बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की कुल लंबाई 4.100 किलोमीटर है जो वर्ष 2023 में काम को पूर्ण किया गया था। उधर सड़क निर्माण से लोगों के मन में आस जगी थी कि इस सड़क के निर्माण होने से लोगों को आवागमन में कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन सड़क निर्माण के साल भर के अंदर यह सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है।

वही सड़क के पीच का उखड़ना इस बात को साबित करता है कि प्राक्कलन को ताक पर रखकर निम्न स्तर के सामग्री का प्रयोग हुआ है। वही सरकारी नियमों के मुताबिक किसी भी सार्वजनिक सड़क निर्माण के बाद उसके रखरखाव की गारंटी 5 साल की होती है।

जहां गारंटी पीरियड में संवेदक निर्माण की सलामती को लेकर जिम्मेदार होता है लेकिन सड़क निर्माण में इस नियम का ध्यान भी नहीं रखा गया है। ऐसी स्थिति में सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भी इसमें सांठगांठ होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा

- 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन में अवश्य लें भाग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसमें मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की बढ़ोतरी एवं अलग अलग थीम पर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक कराया जाए। वही लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है।

वही निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आसपास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है।

जहां लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन में जिले के सभी स्कूल, कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें।

वही इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है।

इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जेएसएलपीएस प्रबंधक मार्टिन तारीक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे।

# इंटर की परीक्षा मे एसएन +2 उच्च विद्यालय गुवा की छात्राओं ने मारी बाजी

गुवा। एसएन +2 उच्च विद्यालय गुवा के कला संकाय से स्कूल में मुस्कान कुमारी, 78 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, प्रीति दास 75.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व रिया करूवा एवं पिंकी बाग 73 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका व्यवसायिक अनुप गुप्ता राजलक्ष्मी सिंकू, नेहा बरजो और व्यवसायिक समन्वयुक धीरज कुमार उपाध्याय मनोज कुमार एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण के सहयोग से सभी छात्र छात्राए व्यावसायिक शिक्षा में सफल हुए।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका राजलक्ष्मी सिंकू ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है। बच्चे अपना कैरियर आईटी, टीटीईएस एवं एपेरेल विषय मे बनाना चाहते है। विद्यालय के प्रथम स्थान पर स्कूल टॉपर मुस्कान कुमारी टीटी, आईटीईएस विषय में 88 अंक, द्वितीय टॉपर एपेरेल विषय में 90 अंक और तृतीय टॉपर में दो छात्रा एपेरेल में पिंकी बागे 90 अंक एवं रिया करूवा एपेरेल विषय में 93 अंक लाकर उत्तीर्ण हुए है।

# जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया ईवीएम वेयरहाउस




साहिबगंजः लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में तथा जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस को शुक्रवार को खोला गया। जहां भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा जोरशोर से की जा रही नॉमिनेशन की तैयारी

## गांव गांव जाकर लोगों को किया जागरूक

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोरियोः राजमहल लोकसभा के वर्तमान सांसद सह झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के कार्यकर्ता द्वारा गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक एवं संपर्क कर जनता का राय लेते हुए नॉमिनेशन करने की तैयारी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

यहां आपको बता दें कि आगामी 10 मई को विजय कुमार हांसदा झारखंड मुक्ति मोर्चा से तीसरी बार राजमहल लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उधर नामांकन दाखिल करने जाने वक्त उनके साथ लोगों को साथ में आने का निमंत्रण व ज्यादा से ज्यादा संख्या में जाने को लेकर आमंत्रण दिया जा रहा है।

जहां झामुमो कार्यकर्ता उनके कार्यकाल में जो कार्य हुए हैं जनता को कितना संतुष्टि है उनको लेकर विभिन्न गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा दौरा किया जा रहा है एवं लोगों का राय लिया जा रहा है। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता बोरियो प्रखंड क्षेत्र के जेटके कुम्हार जोड़ी पंचायत के हर एक गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम रहे हैं एवं उनके कार्यकाल में कितना काम हुआ है सभी से जानकारी लेते हुए लोगों को जागरूक करते हुए फिर से एक बार पूर्ण बहुमत के साथ सांसद बनाने की अपील की।

जहां राजमहल के निर्वतमान सांसद सह महागठबंधन के उम्मीदवार विजय कुमार हांसदा के समर्थन में बोरियो प्रखण्ड कमिटी के कार्यकताओं द्वारा जेटके, शहरपुर, रंगमटिया समेत दर्जनों गांवों में सभा किया गया।

वही बोरियो विधानसभा के सभी गांवों में सांसद विजय हांसदा को झामुमो का अपार समर्थन भी मिल रहा है। उधर लोगों ने ठान लिया है कि पूर्व की भाँति इस बार भी विजय कुमार हांसदा को भारी मत्तो से विजय बनाकर संसद भेजेंगे ताकि हम दबे कुचले गरीब आदिवासी मुलवासी का वो आवाज बन सके।

# आरपीएफ की टीम ने रेल संपति चोरी मामले के आरोपी को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ




साहिबगंजः रेल आरपीएफ की टीम ने रेल संपति चोरी करने के मामले में पिछले कई दिनों से मंडल कारा जेल में बंद एक आरोपी को रिमांड हिरासत में लेकर उससे कड़ाई से पूछताछ करेगी। जहां शुक्रवार को रेल आरपीएफ टीम के एसआई दिनेश कुमार वंशीवाल में गई टीम ने कोर्ट के आदेश पर मंडल कारा जेल में बंद आरोपी मो. शोएब पिता स्व. मो. शहजाद अंजुमन नगर निवासी को हिरासत में लेकर उसे मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार की उपस्थिति में मेडिकल जांच करवाने के बाद अपने साथ आरपीएफ पोस्ट लेकर चली गई। इसको लेकर रेल आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू ने बताया कि बीते दिनों रेल संपत्ति चोरी करने के मामले में उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था जहां इस चोरी के मामले में कई अन्य तथ्यों का खुलासा करने के लिए कोर्ट से उक्त आरोपी को रिमांड पर लेने का आग्रह किया था जिसके बाद कोर्ट ने उक्त आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ करने का आदेश जारी किया था।

# बांस काटने के दौरान 11000 वोल्ट का गिरा तार, बड़ी घटना टली

बरहेटः प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव में बांस काटने के दौरान 11000 वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आने से तार टूट कर नीचे गिर गया। हालांकि तार बांस के संपर्क में आने से तुरंत उसमें करंट दौड़ गया जिसके बाद बांस के पगडंडियों में आग लग गई जिससे बांस जहां तहां जलकर राख हो गया। इस दौरान बांस काट रहे युवक दौड़कर भाग निकले जिसके बाद विद्युत विभाग के कर्मियों को सूचना दी गई। उधर 11000 वोल्ट बिजली के तार गिरने की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मियों ने फूलभंगा फीडर से लाइन को काटकर तुरंत गिरे हुए बिजली के तार को दुरुस्त कर पुन क्षेत्र में बिजली बहाल की गई। हालांकि इस दौरान बड़ी घटना टल गई।

# दनवार मोहल्ले में अग्नि पीड़ित परिवार के लोगों के बीच कांग्रेस नेता ने किया सहायता

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोरियोः- थाना क्षेत्र के दनवार गांव में विगत दिन आग की चपेट में एक घर जल गया था। उधर जिस घर में आग लगी थी वह कच्चा मकान था साथ ही साथ वह परिवार बेहद गरीब है। जहां आगलगी की इस घटना में घर में रखी लगभग सभी जरूरी सामान जलकर खाक हो गई थी। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के दिशा निर्देश पर शुक्रवार के दिन बोरियो युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष असगर अफरीदी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें मदद की है। इस दौरान अग्नि पीड़ित परिवार को जरूरी सामान मुहैया कराया गया है। साथ ही पीड़ित परिवार को आगे भी सहायता करने की बात कही है। इस मौके पर शमशाद, मुमताज, नोबो दत्ता, रिजाउल, जीतन तुरी संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# असंतुलित होकर टोटो सड़क किनारे पलटा, तीन लोग घायल

बरहेटः थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत गोपलाडीह स्थित मोड़ पर असंतुलित होकर एक टोटो सड़क किनारे पलट गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के लखीराम मुर्मू 22 वर्ष जसीडीह, बाबूराम सोरेन 15 वर्ष जसीडीह, होपनडीह मूर्म 20 वर्ष लखीपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। वही टोटो में बैठे अन्य लोगों को हल्की फुलकी चोट लगी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार टोटो तलवारिया से बरहेट बाजार हटिया आ रहा था, इसी दौरान टोटो असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। उधर स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया जहां डॉ. संतोष मुर्मू ने प्राथमिक उपचार किया।

# महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा पहुंचे प्यारपुर, ग्रामीणों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान



उधवाः राजमहल लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के प्यारपुर गांव पहुंचे। जहां तय समय अनुसार प्यारपुर बाजार में सैंकड़ों कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख के नेतृत्व में वर्तमान महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा का भव्य स्वागत किया तथा जनसंपर्क अभियान चलाते हुए अपने तय समय अनुसार कार्यक्रम में प्यारपुर बाजार, बरकत मोड़ तथा बालू गांव में जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर वरीय झामुमो नेता प्रो. नजरूल इस्लाम, नगर अध्यक्ष सह झामुमो नेता केताबुद्दीन शेख, संजीव सामू हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख, अली कमिशन, अनवारूल शेख समेत महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोबाइल का फ्लैशलाइट जलवा कर मांगा समर्थन, जमकर लगे मोदी मोदी के नारे

# 13 मई को खूंटी सीट प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और सिंहभूम सीट प्रत्यासी गीता कोड़ा के मतदान की अपील की

सिद्धार्थ पाण्डेय/चाईबासा (पश्चिम सिंहभूम)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंच गए है। श्री मोदी ने पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या.. उन्होंने कहा कि आपका ये प्यार, ये आशीर्वाद यही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को अगर कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। मोदी ने कहा कि झारखंड को अटल जी ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल जी की दीर्घ-दृष्टि थी कि झारखंड बना। कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आए। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। आयोजित जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 मई को खूंटी सीट से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के मतदान करने की अपील की। इसके लिए मौजूद भीड़ को उन्होंने मोबाइल का फ्लैश लाइट जलवा कर समर्थन मांगा। इस दौरान जमकर मोदी-मोदी के नारे लगे।

मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब की जयंती पर आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की और वो भी झारखंड की भूमि से की। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं- झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याऐं


उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। जहां उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उधर जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

# वाहन टैगिंग से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप के नेतृत्व में वाहन कोषांग कार्यालय कक्ष में बैठक आहुत की गई। जिसमें दुर्गम क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी को पहुंचाने हेतु वाहन का टैगिंग तथा मतदान केंद्रों में ई रिक्शा को टैग करने के लिए संबंधित बीएलओ से समन्वय बनाकर के स्थानीय स्तर पर टैग करने का निर्देश दिया गया एवं सभी दुर्गम क्षेत्रों पर मतदान केंद्र तक पहुंचने हेतु वैसे वाहनों को टैग करने का निर्देश दिया गया जहां बड़ी गाड़ियां नही पहुंच सकती है।

साथ ही साथ दियारा क्षेत्रों में जो मतदान केंद्र है उन मतदान केंद्रो तक पहुंचने हेतु मोटर नाव को टैग करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज प्रसार, प्रधान लिपिक प्रेम प्रकाश वर्मा, अभिषेक कुमार एवं वाहन कोषांग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# डीएवी गुवा में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित, बहुआयामी प्रतिभा वाली शख्सियत गुरुदेव रविन्द्र नाथ टेगौर की जयंती मनी

- बहुमुखी प्रतिभा के धनी, दार्शनिक और शिक्षाविद् कविवर रविन्द्र नाथ टेगौर सदैव याद किए जाते रहेंगे -प्राचार्या उषा राय

उज्जवल दुनिया संवाददाता







सिद्धार्थ पाण्डेय/गुवा( डीएवी गुवा मे राष्ट्र कविवर रविन्द्र नाथ टेगौर जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ स्कूल की प्राचार्या उषा राय की अध्यक्षता मे मनाई गई। कार्यक्रम में धर्म शिक्षक राजवीर सिंह के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्कूल की प्राचार्या उषा राय के अगुआई में सभी शिक्षकों एवं दर्जनों स्कूली बच्चों ने पुष्प अर्पण कर कविवर रविन्द्र नाथा टेगौर को नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई।

स्वागत गान संगीत शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी का साथ शिक्षक अनिरुद्ध दत्ता, शिक्षिका श्रीपर्णा साहू, शिक्षिका अनुपूर्णा साहू, छात्र आशुतोष बेहरा एवं आर्यन झा द्वारा प्रस्तुत की गई।- शिक्षक अंजन सेन द्वारा राष्ट्र कविवर रविन्द्र टैगोर की कविता डाले - डाले, पाते - पाने सुनाई गई। कक्षा दसम की छात्रा अन्वेशा कांजीलाल, कक्षा अष्टम की छात्रा ऋधिमा सिंह एवं कक्षा सप्तम की छात्रा कृतिका झा द्वारा मनोहारी समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

शिक्षिका रंजना प्रसाद ने सोलो बगला कैसेट गान पर नृत्य प्रस्तुत की गई। अन्य शिक्षिकाओं मे शिक्षिका अनिला एक्का, शिक्षिका पूजा सिंह एवं शिक्षिका पुष्पांजलि नायक ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति बच्चो के समक्ष कर कार्यक्रम में शमा बाँध दी। कक्षा द्वादश की छात्रा ने हिन्दी मे कक्षा नवम की छात्रा दक्षा मिश्रा ने अंग्रेजी में रविन्द्र नाथ टैगोर के जीवन दर्शन की प्रस्तुति विचारों के माध्यम से दी। छात्रों में अन्वेशा साहू, अंश एवं ओशानी एवं सायोन ने जीव विज्ञान शिक्षक अंजन सेन के साथ कविता की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या उषा राय ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ टेगौर बहुआयामी प्रतिभा वाली शख्सियत थे। बंगाली कवि, लघु-कथाकार, संगीतकार, नाटककार, उपन्यासकार और चित्रकार के रूप में चर्चित रहे। कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर को गुरुदेव के नाम से भी जाने जाते हैं। उन्हे विश्वविख्यात महाकाव्य गीतांजलि की रचना के लिए 1913 में साहित्य नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साहित्य के क्षेत्र में नोबेल जीतने वाले पहले भारतीय हैं। वरीय शिक्षक पी के आचार्या ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ टेगौर अपने लेखन से भारत देश को महान बनाया।उन्होंने विश्व भारती शांति निकेतन की स्थापना कोलकात्ता में की थी। कार्यक्रम में शिक्षक अनन्त कुमार उपाध्याय, विकाश कुमार मिश्रा, बी के साहू, बीजी सिंह, जय मंगल कुमार साव, राजवीर सिंह, आशुतोष शास्त्री, अरविन्द कु साहू, बीसी दास, ज्योति सिन्हा, रोशन कुमारी, अनिशा रॉय चौधरी, ऋषि कुमार, एस के पाण्डेय, एस बी तिवारी, राजन उपाध्याय, मोनिका मोहंती व अन्य का अग्रणी योगदान रहा।कार्यक्रम में मंच संचालन धर्म शिक्षक राजवीर सिंह ने की। स्कूली बच्चों में श्वेता कर्मकार, नर्गिस परवीन, प्रज्ञा प्रुष्टि, हरिप्रिया दास व अन्य की भूमिका सराहनीय रही।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः विद्यालक्ष्मी (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# फरीदाबाद में 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, अब तक 16 गिरफ्तार

**फरीदाबाद,(एजेंसी)।** नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है।

दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडकी ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद



सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाड़ जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं।

साइबर पुलिस टीम ने सबसे राहुल को सूत्रों व तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है। आरोपित राहुल से वारदात में प्रयोग एक मोबाइल फोन बरामद करवाया। इसके बाद रिंकू, इन्द्रजीत और कैलाश को दबोचा गया। पुलिस ने राहुल सहित चारों को कोर्ट में पेशकर पूछताछ व बरामदगी के लिए छह दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद दिनेश को गिरफ्तार किया गया जिसको अदालत में पेश कर 03 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। यह सभी लोग हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के रहने वाले हैं। जिनका सीधा लिंक चीन से बताया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपियों से लगभग 14 लाख रुपये सहित विभिन्न बैंकों की पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, सैकड़ों सिम और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## रायपुर : मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को देश की जरूरत बताया

**रायपुर, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शुक्रवार को कोरबा में पचास से ज्यादा समाज के प्रमुखों के साथ लंबी चर्चा की। मोदी के दस साल के काम काज की चर्चा करते हुए उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाने को देश की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि मोदी ने हर समाज की तरक्की की सदैव चिंता की है।

अपनी सरकार की उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने न्यूनतम समय में जनहित के फैसले लिए हैं, त्वरित निर्णय की यह गति सतत जारी रहेगी। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चार सीटों पर मतदान हो चुका है, शेष सीटों पर सात को मतदान होना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी 11 सीटों पर हम जीतने जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि मोदी देश के गरीबों की चिंता दिन रात करते हैं। बतौर केंद्रीय राज्य मंत्री उनके साथ उन्हे काम करने का जब मौका मिला तो मोदी के देश के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए काम करने की ललक को उन्होंने नजदीक से देखा। साय ने सभी समाज के प्रमुखजनों से कहा की कोरबा की जनता बहुत सौभाग्य शाली है। जो सरोज पांडेय जैसा योग्य उम्मीदवार मिला है। उन्होंने सरोज पांडेय को शेरनी की संज्ञा दी।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू भी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव : मतदाताओं को प्रेरित करने में जुटी सैकड़ों संस्थाएं

**रायपुर, (एजेंसी)।** शहर के अनेक व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, चिकित्सा संस्थानों, मनोरंजन गृह व संगठनों ने लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान तिथि 7 मई को देश के महापर्व के रूप में मनाने की तैयारी की है।

इन संस्थानों ने मतदाताओं हेतु कई ऐसे ऑफर की घोषणा की है, जो अंगुली पर नीली स्याही का निशान दिखाकर सीधे प्राप्त की जा सकेगी। ऐसे कई संस्थान मतदान केन्द्रों के आस-पास गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल, नींबू पानी आदि की सुविधा देने आगे आ रहे हैं, वहीं स्कूलों के विद्यार्थी निःशक्त व बुजुर्गों को पोलिंग बूथ आने पर मतदान मित्र की जिम्मेदारी का सेवाभावी कार्य में जुट रहे हैं। 100 से भी अधिक संस्थान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से भेंट कर इस आशय का लिखित प्रस्ताव भी सौंपा है।


चुनाव के पर्व को देश का गर्व मानते हुए रायपुर के नागरिक व कई बड़े संस्थान अपने स्तर पर स्वैच्छिक छूट प्रदान करने के प्रस्ताव के साथ आगे आए हैं, इसी श्रृंखला में सायाजी होटल ग्रुप ने 07 से 10 मई तक फूड बिल में 20 प्रतिशत की छूट की घोषणा की है। इन्फिनिटी सैलून में 07 से 12 मई तक निःशुल्क हेयर और स्कीन परामर्श के साथ ही उनकी सेवाओं में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। इनके मेम्बरशिप प्लान में एक वर्ष तक 25 प्रतिशत डिस्काउंट भी दिए जाने की बात भी इन्फिनिटी सैलून ने लिखित प्रस्ताव में दिया है। इसी तरह मीनाक्षी सैलून में सभी तरह की सेवाओं में 12 मई तक छूट दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा सुमीत बाजार समूह मतदान कर्मियों को गर्मी की तपिश से बचाव के लिए लगभग 15 हजार से भी अधिक निःशुल्क गमछे उपलब्ध करा रहा है।

शैक्षणिक संस्थानों ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर विभिन्न मतदान केन्द्रों में अपनी सेवाओं का प्रस्ताव दिया है। वेदांता पब्लिक स्कूल बीरगांव द्वारा बीरगांव के 3 मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए नींबू पानी, शीतल जल, शरबत की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मतदान कार्य में ड्यूटीरत कर्मचारियों की सुविधाओं का जिम्मा भी स्कूल प्रबंधन उठाएगा।

## यात्रा सीजन को लेकर पुलिस ने होटलों व गेस्ट हाउस में चलाया चेकिंग अभियान

**हरिद्वार,(एजेंसी)।** प्रदेश में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू कर दिए गए हैं, जिसको देखते हुए पुलिस ने भी कमर कस ली है। पुलिस ने आगामी यात्रा सीजन को देखते हुए क्षेत्र में बने होटलों, धर्मशालाओं व गेस्ट हाउस में चेकिंग अभियान चलाकर व्यवस्थाओं को जांचा परखा और संचालकों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा आगामी यात्रा सीजन को ध्यान में रखते हुए कस्बा लक्सर में पड़ने वाले होटल, धर्मशालाओं व गेस्ट हाउसों में चेकिंग अभियान चलाकर व्यवस्थाओं व कार्य प्रणाली को परखते हुए संचालकों को कड़ी हिदायत दी। कहा गया कि कोई भी होटल, धर्मशाला व



गेस्ट हाउस किसी भी दशा में बिना आईडी प्रूफ के किसी भी यात्री को कमरा न दे। खासकर नाबालिग को होटल में कमरा न दिया जाए, यदि कमरा दिया जाता है तो तत्काल ही इस संबंध में पुलिस को सूचना दी जाए और किन कारणों से कमरा दिया जा रहा है इसकी जानकारी दी जाए। पुलिस ने कहा है कि संचालक सभी यात्रियों के संबंध में पूरी जानकारी अपने रजिस्टर में अंकित करें। यदि अपने साथ वाहन लाए हों तो उनका विवरण भी नोट करें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों तथा फायर इक्विपमेंट्स चालू हालत में रखें, समय-समय पर अपडेट करते रहें।

## आदिवासियों के हित में बने कानून का भाजपा और कांग्रेस दोनों उल्लंघन कर रही : अरविन्द नेताम

**रायगढ़ , (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ अलग राज्य जरूर बन गया परन्तु यहां के मूल निवासी आदिवासियों की हालत में कोई सुधार नहीं आया। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने आदिवासियों की मांग पर ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि आदिवासियों की मांग को संसद व विधानसभा तक पंहुचाने हमर राज पार्टी का गठन किया गया है। यह बाते वरिष्ठ आदिवासी नेता व हमर राज पार्टी के संस्थापक अरविन्द नेताम ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही। नेताम ने रायगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार मेनका देवी सिंह की जाति पर भी सवाल खडे. करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के कानून में वे अब आदिवासी वर्ग से नहीं है इसलिए उन्हें चुनाव नहीं लड़ना था।

हमर राज पार्टी के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविन्द नेताम शुक्रवार को रायगढ़ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। वहीं हमर राज पार्टी की ओर से रैली भी शहर में निकाली गयी। वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविन्द नेताम ने पार्टी की ओर से आयोजित पत्रकारवार्ता में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी आदिवासियों की कोई मांग पूरा नहीं हुई। आदिवासियों की ओर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि उन्होंने आदिवासी समाज को चुनावी मैदान में अलग से उतरने का फैसला किया, जिसमें आदिवासी के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सके। हालांकि हमने सभी समाज को लेकर हमर राज पार्टी का गठन किया है। हमारी लड़ाई संवैधानिक है व अस्तित्व की लड़ाई है। भविष्य में भी कोई भी सरकार हो हमारी नहीं सुनेंगे तो आंदोलन होगा।नेताम ने कहा कि चाहे कोई भी पार्टी हो यदि सरकार समाज के खिलाफ जाती है तो जनप्रतिनिधि उस पर कोई आवाज नहीं उठाते बल्कि यह बंधुआ मजदूर की तरह हो गए हैं। देश में आदिवासियों के हित में पेशा कानून बना है लेकिन जिसे कांग्रेस ने बनाया उस कानून को बघेल सरकार ने ही खत्म कर दिया। वहीं रायगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार मेनका सिंह की जाति पर सवाल खडे.करते हुए नेताम ने कहा कि भले ही सारंगढ़ परिवार हमारे गोत्र के हैं, लेकिन मेनका ने दूसरी जाति में विवाह किया है ऐसे में आदिवासी समाज के कानून के हिसाब से वे रिजर्व सीट के लिए पात्र नहीं है। लिहाजा उन्हें चुनाव नहीं लड़ना था। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस पर विस्तृत टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में दो पहलू है, जिसमें पहला यह है कि सामाजिक कानून के लिहाज से अब मेनका सिंह आदिवासी नहीं है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में इस विषय को चुनौती देनी चाहिए। वहीं वर्तमान में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के संबंध में पूछे जाने पर नेताम ने कहा कि विष्णुदेव साय जब सीएम बने तो हम बधाई देने गये थे और उन्हें कहा था कि पहली बार असली आदिवासी मुख्यमंत्री बना है, लेकिन यह कुर्सी आपके लिए धर्म संकट हो सकती है।

## लोकसभा चुनाव : मतदान से पहले और मतदान दिवस के दिन प्रकाशित होने वाले राजनितिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

**रायपुर ,(एजेंसी)।** सभी राजनैतिक दलों, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने गुरुवार की देर शाम को जरूरी निर्देश भी जारी किए है।

रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 07 मई मंगलवार को तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 06 व 07 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को




राज्य स्तर या जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है।

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राज्य स्तर पर एक राज्य स्तरीय एमसीएमसी कमेटी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित की गई है, राज्य स्तरीय कमेटी में राजनीतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराये जाने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराया जा सकता है, इसके साथ ही हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से 3 दिन पहले तक विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। मीडिया में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापन का समिति द्वारा प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है। इन विज्ञापनों में प्रिंट मीडिया, टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम सहित), सिनेमा घर, ई-समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम शामिल है।

## लोकसभा चुनाव : पत्रकारों ने किया पहली बार डाक मतपत्र से मतदान

**बलौदाबाजार,(एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को ह्लअनिवार्य सेवाह्व के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल है।इस अनिवार्य सेवा का लाभ उठाते हुए पहली बार जिले के आठ पत्रकारों ने अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया है।बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार एम एस पाध्ये, दलजीत चांवला, देवेश साहू, भानूप्रताप साहू,चतुरमूर्ति वर्मा, हेमंत बघेल, योगेश यादव एवं लकेश्वर बघेल ने आज शुक्रवार को डाक मतपत्र अंतर्गत अनिवार्य सेवा के लिए स्थापित संयुक्त जिला कार्यालय में बनाए गए सुविधा केन्द्र में मतदान किया। मतदान के पश्चात इस नवाचार के संबंध में जिले के वरिष्ठ पत्रकार, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं संवाद साधना जिला प्रतिनिधि एम एस पाध्ये ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबे समय से पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा दी जा रही है। पहली बार पत्रकारों को यह सुविधा उपलब्ध करा रही है यह काबिले तारिफ है।वरिष्ठ पत्रकार भानूप्रताप साहू ने मतदान के पश्चात कहा कि छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फ्रंट लाइन वर्कर के अलावा मीडिया में कार्यरत पत्रकारों को भी बैलट पेपर से मतदान करने की जो सुविधा मुहैया कराया गया है

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों का प्राकृतिक कोल्ड ड्रिंक-छिंद रस डिहाइड्रेशन व पाचन क्रिया के लिए लाभदायक

**जगदलपुर,(एजेंसी)।** बस्तर में तापमान शुक्रवार को 39 डिग्री के पार पहुंच गया है, चिलचिलाती धूप से लोग हलकान हैं। बस्तर के ग्रामीण इन दिनों गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए छिंद रस का सेवन करते हैं। छिंद रस गर्मी में ग्रामीणों का प्राकृतिक कोल्ड ड्रिंक-छिंद रस पीने से पाचन क्रिया को दुरुस्त करने का काम करता है। हालांकि ज्यादा मात्रा में छिंद रस का सेवन करने से हल्का नशा भी होता है। गर्मी में ग्रामीण इलाकों के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक छिंद रस का सेवन करते हैं। चार से पांच वर्ष बाद छिंद के पेड़ से रस निकलना शुरू हो जाता है, रस बेचकर ग्रामीण अतिरिक्त कमाई भी करते हैं।

गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक अनंत कुमार बताते हैं कि छिंद रस का सेवन पाचन क्रिया को दुरुस्त करने का काम करता है। खासकर गर्मी में सेवन करने से पेट सहित शरीर को काफी ठंडक पहुंचती है। यही वजह है कि ग्रामीण गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक या फ्रिज का ठंडा पानी नहीं बल्कि छिंद रस का सेवन करते हैं। हालांकि ज्यादा मात्रा में सेवन से इससे नशा होता है, लेकिन सेहत पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। उन्होंने बताया कि गर्मी में छिंद का एक पेड़ डेढ़ महीने तक रस देता है, इसके बाद पेड़ सूख जाता है। इसलिए ग्रामीण अंचलों के ग्रामीण घरों और खेतों में ज्यादा से ज्यादा छिंद पौधों का रोपण करते हैं।

### लोकसभा चुनाव : कलेक्टर की पाती लेकर डॉ. गौरव सिंह पहुंचे आईएएस अफसरों के घर

**रायपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टर की पाती वितरित करने आज शुक्रवार को आईएएस अफसरों के निवास पर पहुंचे। महिला बाल विकास अधिकारी निशा मिश्रा ने सभी अफसरों के माथे पर टिके लगाए। फिर कलेक्टर डॉ. सिंह ने अफसरों को कलेक्टर की पाती व पीले चावल देकर मतदान करने का आग्रह किया। सभी को आई एम वोटर का बैच भी लगाया।

देवेंद्र नगर में आईएएस ऑफिसर कॉलोनी में एसीएस रेणु पिल्ले के माथे पर निशा मिश्रा ने टीका लगाया। इसके पश्चात डॉ. गौरव सिंह ने उन्हें कलेक्टर की पाती सौंपी। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ के निवास पर पहुंचकर उन्हें और उनकी पत्नी को कलेक्टर की पाती देकर मतदान करने का आग्रह किया। सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और उनकी पत्नी को डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टर की पाती देकर मतदान का आग्रह किया। साथ ही पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह को भी कलेक्टर की पाती सौंपी गई। सचिव एस. प्रकाश को भी कलेक्टर की पाती दी गई। साथ ही जज सहाबुद्दीन कुरैशी को कलेक्टर ने उनके निवास पहुंच कर कलेक्टर की पाती दी और मतदान करने का आग्रह किया। पूर्व मुख्य सचिव एवं पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार कुजूर के निवास पर कलेक्टर की पाती दी गई। आईएएस अफसर यशवंत कुमार, सौरभ कुमार, भीम सिंह, डॉ फरिहा आलम सिद्धकी, प्रतीक जैन, दिनेश श्रीवास्तव आईपीएस अमित कुमार के निवास पर कलेक्टर ने पहुंचकर कलेक्टर की पाती सौंपी और मतदान का आग्रह किया। इस पहल की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एडीएम देवेंद्र पटेल, एसडीएम नंदकुमार चौबे समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव : कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**बलौदाबाजार, (एजेंसी)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आज शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जाजंगीर लोकसभा के कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही संबधित अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

इस दौरान वे ग्राम छरछेद स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मतदान केंद्र एवं ग्राम कटगी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मतदान केंद्र का अवलोकन किया। चौहान ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन,दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है, इसके साथ ही मतदान दिवस के पूर्व मतदान दल के ठहरने के लिए उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिये है। इस दौरान जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल,एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल सहित संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

### सुकमा : नक्सलियों का कोर इलाका रायगुड़म में हुई मुठभेड़, भाग खड़े हुए नक्सली, सर्चिंग जारी

**सुकमा, (एजेंसी)।** जिले के रायगुड़म इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी और कोबरा बटालियन के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जहां आज शुक्रवार सुबह जवानों को आता देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दिया। इसके बाद जवानों की जवाबी कार्यवाही में अपने को कमजोर पड़ता देखकर नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग खड़े हुए। जवानों ने उनका पीछा किया इस दौरान भी 02 से 03 बार रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। जवान अब भी घटना स्थल पर मौजूद हैं, इलाके की सर्चिंग जारी है। विदित हो कि सुकमा जिले का रायगुड़म नक्सलियों का कोर इलाका माना जाता है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि, मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

### बीएसएफ के जवानों की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, घायल जवानों का उपचार जारी

**रायगढ़, (एजेंसी)।** धरमजयगढ़ के छुही पहाड़ में शुक्रवार को मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे बीएसएफ जवानों की बस कमोसिन डाण्ड के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे बस में सवार जवानों को चोट आई है। जिनका उपचार सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने बताया कि बीएसएफ के 17 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने निकले थे। वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे। वापसी के समय बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे बस में बैठे करीब 08 जवानों को चोट आई हैं। जिसमें 02 जवानों को थोड़ी अधिक चोट आई है। शेष जवान मामूली रूप से घायल हुए। सभी का उपचार सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। सभी जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### शराबी दामाद ने सास की गला घोटकर की हत्या, गिरफ्तार

**कवर्धा/रायपुर, (एजेंसी)।** कवर्धा जिले के चिल्फी थानांतर्गत गांव बहनाखोदरा में पत्नी की पिटाई कर रहे शराबी दामाद को रोकने गई सास को जान गंवानी पड़ी। दामाद ने सास की गला घोटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं फरार दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार आरोपित अमर लाल खसरे की शादी 17 वर्ष पहले हुई थी। आरोपित दामाद रोज शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट करता था। शुक्रवार सुबह शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट कर रहे अमर लाल को बगल में रहने वाली उसकी सास ने मना किया।